पाक्षिक

सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर

# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़

Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25

◆ वर्ष - 22 ◆ अंक - 6 ◆ रायपुर 20 सितंबर 2025 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

### प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस पर स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार योजना का देशव्यापी शुभारंभ


### स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान विकसित भारत की ठोस नींव साबित होगी - मुख्यमंत्री

# स्वस्थ मां ही सशक्त समाज की निर्माता- पीएम मोदी

### मुख्यमंत्री और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री हजारों महिलाओं के साथ वर्चुअली शामिल हुए







**रायपुर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज मध्यप्रदेश के धार जिले से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान और 8वें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी भी आज राजधानी रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय स्थित कृषि मंडपम से हजारों महिलाओं के साथ इस कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़कर इन अभियानों के शुभारंभ के साक्षी बने। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया और पोषण कैलेंडर का विमोचन किया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि विकसित भारत की यात्रा नारी शक्ति, युवा शक्ति, गरीब और किसान, इन चार स्तंभों पर टिकी है और यह अभियान इस लक्ष्य को नई मजबूती देगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक देशभर में एक लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे, जिनमें टीबी, एनीमिया और कैंसर जैसी बीमारियों की मुफ्त जांच व दवाई उपलब्ध होगी। उन्होंने माताओं-बहनों से अपील की कि वे इन शिविरों में जरूर जाएं ताकि किसी भी महिला को जानकारी के अभाव में गंभीर बीमारी का सामना न करना पड़े। प्रधानमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति राष्ट्र का मुख्य आधार है और मां के स्वस्थ होने से परिवार के साथ-साथ समाज भी सशक्त होगा।

**प्रधानमंत्री ने 8वें राष्ट्रीय पोषण माह का भी किया शुभारंभ**



# युद्ध तथा सैनिक कार्यवाही में शहीद सैनिकों के आश्रितों को मिलेगी 50 लाख की अनुग्रह राशि

**रायपुर।** युद्ध तथा सैनिक कार्यवाही में शहीद सैनिकों की पत्नी अथवा उनके आश्रितों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि में वृद्धि करते हुए इसे 20 लाख से बढ़ाकर 50 लाख रुपये कर दिया गया है। इसके साथ ही युद्ध तथा सैनिक कार्यवाही में विभिन्न वीरता अलंकरण प्राप्त जवानों को दी जाने वाली राशि में भी वृद्धि की गई है। अब परमवीर चक्र प्राप्त वीर जवानों को 40 लाख रुपये की जगह 1 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी। यह महत्वपूर्ण निर्णय आज मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में सम्पन्न राज्य सैनिक बोर्ड की बैठक में लिया गया।



आज मंत्रालय महानदी भवन में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में सैनिक कल्याण विभाग की 6वीं राज्य सैनिक समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारे सैनिक देश की सुरक्षा के लिए अपना जीवन न्यौछावर करते हैं। हम उनके शौर्य और बलिदान को नमन करते हैं। सरकार भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। बैठक में शहीदों की वीर नारियों, भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों के लिए राज्य द्वारा संचालित कई कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई।

### भूषणिया परिवार में शोक

## श्रीमती कमलाबाई का देवलोक गमन



पूज्य माता श्रीमती कमला बाई भूषणिया
निर्वाण तिथि 16 सितंबर 2025

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध समाजसेवी भूषणिया परिवार की राजमाता कही जाने वाली श्रीमति कमलाबाई भूषणिया का 95 वर्ष की आयु में विगत 15 सितंबर 2025 को देवलोक गमन हो गया।

श्रीमती कमलाबाई का जन्म सन 1930 में धान खमरिया के प्रसिद्ध सिंघानिया परिवार में हुआ था आप सिंघानिया एवं भूषणिया परिवार की सबसे वरिष्ठ सदस्य थीं। मायका एवं ससुराल दोनों पक्ष में इन्हें वरिष्ठता के कारण राजमाता माना जाता था। श्रीमती कमलाबाई "क्रांतिरथ छत्तीसगढ़" के संपादक नारायण भूषणिया की माताजी थीं, इनका अंतिम संस्कार गुढ़ियारी कोटा बैकुंठ धाम में 16 सितंबर 2025 को किया गया।

उनके अंतिम संस्कार के कार्यक्रम में रायपुर के अतिरिक्त थान खमरिया, बेमेतरा, चांपा, बिलासपुर, भाटापारा,तखतपुर, करगी रोड कोटा, बिल्हा, पत्थलगांव, से प्रेमी जन रिश्तेदार आदि ने उपस्थित होकर पुष्पांजलि के साथ नम आंखों से अंतिम विदाई दी। श्रीमती कमलाबाई की भाटापारा के पंचायती मंदिर में दोपहर का कीर्तन प्रारंभ करवाने में प्रमुख भूमिका रही। धर्म परायण श्रीमती कमलाबाई अपने पीछे पौत्र आशीष, अमित, प्रपौत्र दुर्वांश, ईशान, प्रथमेश पौत्री नम्रता, प्रार्थना, प्रपौत्री निशिका, राधिका सहित भरा पूरा परिवार छोड़ कर गई है।

# बालको मेडिकल सेंटर का कैंसर कॉन्क्लेव, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की भागीदारी

**रायपुर ।** वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन की इकाई और मध्य भारत में कैंसर उपचार के क्षेत्र में अग्रणी बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) ने अपने तीसरे 'छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव' का सफल आयोजन किया। इस कॉन्क्लेव में 300 से अधिक अंतरराष्ट्रीय कैंसर विशेषज्ञ और 1,200 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें ऑन्कोलॉजिस्ट, जनस्वास्थ्य विशेषज्ञ, नीति-निर्माता और शोधकर्ता शामिल थे। कार्यक्रम का उद्देश्य कैंसर उपचार को सुलभ, मरीजों के परिणामों में सुधार और शोध को आगे बढ़ाना था।







कैंसर कॉन्क्लेव के इस वर्ष का थीम 'ड्राइविंग कॉमन-सेंस ऑन्कोलॉजीङ्कमल्टीडिसिप्लिनरी मैनेजमेंट ऑफ गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल, जेनिटोयूरिनरी एंड लंग कैंसर पर आधारित था। इसका उद्देश्य बेहतर इलाज परिणामों के लिए बहु-विशेषज्ञ सहयोग के महत्व को बढ़ावा देना है। ई-कैंसर, टाटा मेमोरियल सेंटर और नेशनल कैंसर ग्रिड के सहयोग से आयोजित इस तीन दिवसीय कॉन्क्लेव में 20 से अधिक विशेषज्ञ पैनल चर्चाएँ हुईं।

कॉन्क्लेव के दौरान कई विशेष कार्यशाला आयोजित की गई, जिनमें कार्ट-टी सेल अफेरेसिस, सिर और गर्दन के कैंसर की लाइव सर्जरी डेमोंस्ट्रेशन, मिनी-अकॉर्ड रिसर्च वर्कशॉप, जीवन की अंतिम अवस्था में मरीज और परिजनों से संवाद करने का प्रशिक्षण और स्टेरियोटैक्टिक बॉडी रेडियोथेरेपी (एसबीआरटी) पर हैंड्स-ऑन कॉन्टूरिंग वर्कशॉप शामिल थीं। इसके साथ ही 'वीमेन फॉर ऑन्कोलॉजी' नेटवर्क मीटिंग और सामुदायिक स्तर पर कैंसर रोकथाम को सशक्त करने हेतु एक विशेष कार्यशाला भी आयोजित हुई।




प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन (वीएमआरएफ) की निदेशक श्रीमती ज्योति अग्रवाल ने कहा कि विश्वस्तरीय कैंसर विशेषज्ञों की मेजबानी करना हमारे लिए सम्मान की बात है। कैंसर की रोकथाम ही सबसे सशक्त इलाज है। वीएमआरएफ का मिशन है कि समुदाय को समय पर जांच एवं इलाज के लिए जानकारी, साधन और स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएँ। यह कॉन्क्लेव हमारे इस संकल्प को दोहराता है कि हम केवल इलाज ही नहीं, बल्कि रोकथाम को भी प्राथमिकता दें, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ भविष्य बनाया जा सके।

डॉ. शैलेश श्रीखंडे, डिप्टी डायरेक्टर, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल एवं हेड, कैंसर सर्जरी ने कहा कि भारत में कैंसर देखभाल को रोकथाम से लेकर आधुनिक इलाज तक पूरी श्रृंखला को शामिल करना चाहिए। यह कॉन्क्लेव दिखाता है कि जब वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित रोकथाम रणनीतियाँ बहुविषयक विशेषज्ञता से मिलती हैं, तो हम कैंसर के मामलों और मृत्यु दर दोनों को कम कर सकते हैं। इस प्रक्रिया में वैज्ञानिक मूल्यों और नैतिकता को बनाए रखना बेहद आवश्यक है।

वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन (बीएमसी) की चिकित्सा निदेशक डॉ. भावना सिरोही ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कैंसर के मामलों में तेज़ी से वृद्धि चिंता का विषय है। इसलिए जागरूकता और रोकथाम को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। लोगों को समझना होगा कि सही उपायों और समय पर उपचार से कैंसर को रोका भी जा सकता है जो किफायती व इलाज योग्य भी होता है। हमारा लक्ष्य है कि रोकथाम को कैंसर देखभाल में सबसे सुलभ और न्यायसंगत रूप बनाया जाए।

डॉ. दिवाकर पांडे, कंसल्टेंट सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, बालको मेडिकल सेंटर ने कहा कि कैंसर के क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर किया गया शोध बेहद महत्वपूर्ण है।

*यह देखकर खुशी होती है कि युवा ऑन्कोलॉजिस्ट ऐसे शोध कर रहे हैं जो उनके मरीजों की ज़रूरतों से जुड़े हैं। इससे सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था में किफायती और सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त रोकथाम रणनीतियाँ विकसित होंगी।*

*इस कॉन्क्लेव के तीसरे संस्करण ने बीएमसी की इस प्रतिबद्धता को और मजबूत किया कि मध्य भारत में एक व्यापक कैंसर इकोसिस्टम विकसित किया जाए, जिसमें उत्कृष्ट इलाज के साथ-साथ रोकथाम, जनजागरूकता और शिक्षा भी शामिल हो। कार्यक्रम का समापन इस आह्वान के साथ हुआ कि कैंसर रोकथाम को सार्वजनिक स्वास्थ्य की प्राथमिकता बनाया जाए, ताकि आने वाले दशकों में भारत में कैंसर का बोझ कम किया जा सके।*

# थिंक-एस इम्पैक्ट अवॉर्ड से सम्मानित हुआ सृजन सामाजिक संस्था

## छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित हुआ सीएसआर एक्सीलेंस अवॉर्ड

**राजनांदगांव।** अलायंस फॉर बिहेवियर चेंज छत्तीसगढ़ और सर्वहितम के संयुक्त तत्वावधान में एनआईटी रायपुर के सह आतिथेय में छत्तीसगढ़ का पहला सीएसआर एक्सीलेंस अवॉर्ड थिंक-सो इम्पैक्ट अवॉर्ड 2025 का सफल आयोजन कॉन्फ्रेंस हॉल, न्यू सर्किट हाउस, सिविल लाइन, रायपुर में सफलतापूर्वक किया गया, जिसमें सृजन सामाजिक संस्था राजनांदगांव को ईयर आफ द एनजीओ से सम्मानित किया गया।

सृजन सामाजिक संस्था के संचालक शरद श्रीवास्तव ने यह सम्मान ग्रहण किया। संस्था विगत 25 वर्षो से सामाजिक एवं व्यवहार परिवर्तन संचार के माध्यम से विभिन्न




विषयों विशेषकर स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, स्वच्छता एवं बाल अधिकार जैसे मुद्दों पर सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। यह आयोजन राज्यभर में स्थायी बदलाव ला रही कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) की पहलों को पहचान देने, प्रोत्साहित करने और बेहतर परियोजनाओं को मॉडल बनाने के उद्देश्य से किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सीएसआईडीएस के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ वर्णिका शर्मा, यूनिसेफ से अभिषेक सिंह, उरला इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्विन गर्ग एवं जिला ट्रेड एवं इंडस्ट्री सेंटर के जनरल मैनेजर हेमेश देवांगन उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ का पहला सीएसआर अवॉर्ड यह राज्य का पहला ऐसा मंच होगा, जहां समाज परिवर्तन और सतत विकास की दिशा में कार्य करने वाले उद्योगों और संगठनों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जाएगा। अलायंस फॉर बिहेवियर चेंज छत्तीसगढ़ के राज्य प्रमुख मनीष सिंह ने बताया कि इस अवॉर्ड का उद्देश्य उन उद्योगों और कंपनियों को प्रोत्साहित करना है, जिन्होंने सीएसआर के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, कौशल विकास और ग्रामीण उन्नति जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। सृजन सामाजिक संस्था को मिली इस उपलब्धि हेतु विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने बधाई दी है।

## कर प्रणाली को सरल बनाने की पहल, आर्थिक प्रगति के लिए ऐतिहासिक कदम




वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का सफर परिवर्तनकारी रहा है। 2017 में शुरू हुई इस व्यवस्था को आलोचकों ने 'गब्बर सिंह टैक्स' कहकर खारिज करने का भी प्रयास किया और इस पर नागरिकों तथा व्यवसायों, दोनों पर बोझ डालने का आरोप लगाया। वास्तव में असली 'गब्बर सिंह टैक्स' जीएसटी से पहले की अव्यवस्थित व्यवस्था थी। उत्पाद शुल्क, वैट और सेवा करों के एक खंडित जाल ने अकुशलता और बढ़ी हुई लागतों को जन्म दिया था। जीएसटी लागू होने के पहले ट्रक राज्य की सीमाओं पर खड़े रहते थे, छोटी कंपनियां कई फाइलिंग में ही उलझी रहती थीं और उपभोक्त ाओं को इसकी कीमत चुकानी पड़ती थी।

जीएसटी ने इसकी जगह देश में एक एकीकृत कर प्रणाली को संभव बनाया, जिससे आवश्यक वस्तुओं पर टैक्स कम हुए और एक अधिक तर्कसंगत ढांचा तैयार हुआ। अब जीएसटी 2.0 के साथ भारत ने एक निर्णायक कदम आगे बढ़ाया है, टैक्स स्लैब को सुव्यवस्थित किया है और दरों में कटौती की है। शुरुआत में जीएसटी में चार स्लैब (5, 12, 18, 28 प्रतिशत) थे। ऐसा उन राज्यों के बीच आम सहमति बनाने के लिए किया गया था, जो नई व्यवस्था के तहत होने वाले संभावित राजस्व नुकसान को वहन करने के लिए तैयार नहीं थे। इस समझौते ने भारत को जीएसटी युग में प्रवेश करने में मदद की, लेकिन इसने जटिलता और विवादों को भी जन्म दिया, जो जीएसटी की सरलता के मूल दर्शन के विपरीत थे। जीएसटी 2.0 एक स्वाभाविक सुधार का प्रतिनिधित्व करता है। इसमें दो मुख्य स्लैब (5 और 18 प्रतिशत) और विलासिता तथा अहितकर वस्तुओं के लिए 40 प्रतिशत की कर दर की व्यवस्था की गई है। यह सुधार भी सही समय पर किया गया है। वैश्विक अनिश्चितताएं और टैरिफ युद्ध व्यवसायों के लिए बाधाएं पैदा कर रहे हैं। अनुपालन बोझ एवं कार्यशील पूंजी की रुकावटों को कम करके और बड़े पैमाने पर उपभोग तथा श्रम-प्रधान क्षेत्रों में टैक्स दरों को आसान बनाकर जीएसटी 2.0 आपूर्ति-पक्ष को ठीक उसी समय सहायता प्रदान करता है जब फर्मों को इसकी आवश्यकता है। अन्य संरचनात्मक सुधारों के साथ जीएसटी 2.0 वैश्विक अस्थिरता के बीच भारत को एक प्रतिस्पर्धी और स्थिर उत्पादन आधार के रूप में स्थापित करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है। रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं और बड़े पैमाने पर उपभोग की जाने वाली वस्तुएं पांच प्रतिशत, जबकि प्रमुख औद्योगिक इनपुट 18 प्रतिशत कर के दायरे में आ गई हैं, जिससे घरों और फर्मों, दोनों की लागत कम होगी। दूध, पनीर और चपाती जैसी मुख्य वस्तुओं के साथ-साथ 33 से अधिक जीवनरक्षक दवाओं को पूरी तरह से कर मुक्त कर दिया गया है। आटोमोबाइल, सीमेंट और इलेक्ट्रानिक्स पर करों में भारी कटौती की गई, जिससे क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलेगा। त्योहारी सीजन से पहले इसे लागू करने से घरेलू खर्च पर भी अधिकतम प्रभाव सुनिश्चित होता है। एसबीआइ रिसर्च का अनुमान है कि औसत प्रभावी जीएसटी दर अब शुरुआत के 14.4 प्रतिशत से घटकर लगभग 9.5 प्रतिशत हो गई है। जीएसटी 2.0 के तहत जिन 453 वस्तुओं की दरों में बदलाव किया गया है, उनमें से 413 (91 प्रतिशत) वस्तुओं के कर में कमी आई है, और लगभग 295 वस्तुओं पर कर दर पहले के 12 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत या शून्य हो गई है, जो परिवारों को राहत देने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। जीएसटी सुधारों के कारण कुल अतिरिक्त सकल मांग 1.98 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। समवर्ती आयकर सुधारों के साथ कुल अतिरिक्त मांग 5.31 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है, जो सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 1.6 प्रतिशत की वृद्धि करेगी।

प्रो. गौरव वल्लभ

# त्वरित, कठोर और समयानुकूल निर्णय क्षमता ही है नरेन्द्र मोदी की पहचान

*मार्निंग कंसल्ट की वैश्विक मंच पर लोकप्रियता के ताजातरीन सर्वे में एक बार फिर 75 वर्षीय नरेन्द्र दामोदर दास मोदी की लोकप्रियता या यों कहें कि एप्रूवल रेट 75 प्रतिशत रही है। यह विश्व के अन्य नेताओं की तुलना में कहीं अधिक है तो दूसरी और पिछले दिनों प्यू रिसर्च की रिपोर्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर भरोसा जताने वाले केवल 40 प्रतिशत लोग ही रह गए और इनमें भी केवल मात्र 15 फीसदी ही ऐसे लोग है जो पूरी तरह से ट्रंप पर भरोसा कर रहे हैं। चुनाव के समय 81 प्रतिषत भरोसे लायक नेता पर 40 प्रतिशत अमेरिकीयों का भरोसा और इनमें से भी 25 प्रतिशत का थोड़ा भरोसा तो केवल 15 प्रतिशत अमेरिकी ही ट्रंप पर पूरी तरह से भरोसा जता रहे हैं।*



59 प्रतिशत अमेरिकीयों को तो ट्रंप पर अब बिलकुल भी भरोसा नहीं रहा है। एक बात और साफ हो जानी चाहिए कि मार्निंग कंसल्ट के इस सर्वे में दूसरे पायदान पर रहने वाले दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति लीजे म्युंग को 59 प्रतिशत और अर्जेंटिना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई को 57 प्रतिशत का एप्रूवल मिला है। दरअसल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एप्रूवल देश में ही नहीं विदेशों में भी एक दंबग नेता और साफ सुथरी छवि के कारण है। इसके साथ ही कूटनीति, तकनीक, रक्षा, अर्थव्यवस्था और किसी के सामने नई झुकने की जीद ने और अधिक लोकप्रियता बढ़ा दी है। सबसे खासबात यह है कि विरोधी चाहे कितना भी शोर मचाये इसमें कोई दो राय नहीं और इससे भी बढ़कर कि आपरेशन सिन्दुर को लेकर देशवासियों और विदेशियों किसी को भी नरेन्द्र मोदी और सेना के कथन पर किसी तरह का कोई संदेह नहीं है। देर सबेर और गाहे बेगाहे पाकिस्तान तक ऑपरेशन सिन्दुर की टीस को व्यक्त कर ही देता है। ऐसे में विरोधियों द्वारा ऑपरेशन सिन्दुर पर जिस तरह से नकारात्मकता व्यक्त की जाती हैं वह कहीं ना कहीं मोदी और मोदी सरकार की विश्वसनीयता को और अधिक बढ़ाने में ही सहायक है। यह बात इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि नरेन्द्र मोदी अपनी जीवन की अमृतवेला मना रहे है। 75 साल के नरेन्द्र मोदी जिस अदम्य साहस और दृढ़ता का परिचय दे रहे हैं और खासतौर से जिस तरह से अमेरिका और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ के आगे झुकने से पूरी तरह नकार कर लगता है अब तो ट्रंप को ही झुकने को मजबूर होने जैसे हालात कर दिए हैं। ट्रंप शायद भूल गए कि यह आज का और मोदी का हिन्दुस्तान है।

आज मोदी के भारत को दुनिया का कोई देश या दुनिया का कोई नेता हल्के में नहीं ले सकता। इसका कारण भी है भारत आज आंख में आंख डाल कर बात करने की हैसियत रखता है। ट्रंप की बौखलाहट से इसे आसानी से समझा जा सकता है। दरअसल आज के दौर में वैश्विक नेता के रुप में बोल्ड होने, एग्रेसिव होने, कठोर व त्वरित निर्णय लेने वाले नेता लोगों की पसंद बनते जा रहे हैं। अच्छे बुरे परिणाम की चिंता कर निर्णय की उहापोह में फंसे नेता आज के लोगों की पसंद हो ही नहीं सकते। इसका बड़ा कारण दुनिया में वैश्विक संकटों का दौर चलना है। पर यह भी समझ लेना होगा कि दुनिया के लोग ट्रंप जैसे अंहकारी, तुगलकी निर्णय करने वाले, गली मौहल्ले के दादाओं जैसे व्यवहार करने वाले और अपने नासमझी भरे निर्णयों और फिर उन निर्णयों पर मुहं की खाने वाले नेताओ को भी पसंद नहीं करते। संकटों के दौर में लोगों का यह मानना रहता है कि हमें आलोचना प्रत्यालोचना या आगा पीछा सोच कर निर्णय लेने वाला नहीं अपितु त्वरित और कठोर निर्णय लेने वाला नेता चाहिए। और इसमें कोई दो राय नहीं कि नरेन्द्र मोदी इस पर खरे उतरे हैं। जहां तक देश और देश में मोदी विरोधियों की बात है तो यह भी अब तक साफ हो गया है कि मोदी के विरोध में जो जो नारे गढ़े गए या अभियानों में जो मोदी विरोध की आवाज बने वह सब विरोधियों पर ही भारी पड़े है। इसकी शुरुआत 2007 में गोदरा कांड के बाद चुनाव के बाद का नारा मौत का सौदागर हो या आज चौकीदार चोर है सभी नारे उल्टे पड़े हैं और देशवासियों ने इन्हें सिरे से नकारा है। चौकीदार चोर है का उत्तर देते हुए स्वयं मोदी ने इसका उपयोग मैं भी चौकीदार का जबावी नारा देकर उत्तर दिया। नारों की यह एक लंबी फेहरिस्त है जिससे देशवासी अवगत है। अब आज वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा लगाकर या संविधान बचाओं का नारा देकर मोदी विरोध में हवा बनाने व बिहार आदि के चुनाव जीतने का सपना पाल रहे हैं पर कहीं पहले की तरह सेल्फ गोल ही साबित ना हो जाये इससे नकारा नहीं जा सकता। राममंदिर, कश्मीर में धारा 370 हटाने, कश्मीर युवाओं को मुख्यधारा में लाने, ऑपरेशन सिन्दुर, एयर स्ट्राइक, जनधन खाते, डिजिटल भुगतान, जन औषधी केन्द्र, आयुष्मान योजना, गिग इकोनोमी, रक्षा आयुधों का देश में ही उत्पादन व निर्यात, एमएसएमई सेक्टर, स्टार्टअप, यूनिकोर्न, विदेशी निवेश, सडक परिवहन विकास, आदि आदि सभी क्षेत्रों में विकास का जो दौर दिखाई दे रहा है यह ठोस और त्वरित योजनावद्ध निर्णयों का ही परिणाम है। यह तो केवल बानगी मात्र है। आज आतंकवादी गतिविधियां लगभग समाप्त हो गई, नक्सलवादी गतिविधियां दिखाई नहीं दे रही हैं, सांप्रदायिकता पर रोक लगी है, पत्थरबाजी नहीं दिखती, सपाट यातायात दिखाई दे रहा है यह और इसके अलावा भी बहुत कुछ सामने हैं। एक बात साफ हो जानी चाहिए कि विश्वसनीयता एक दिन में या एक काम से नहीं बनती। इसके साथ ही केवल व्यक्ति विशेष को निशाना बनाने से भी कोई खास हासिल नहीं हो सकता। अच्छे को अच्छा और बुरे को बुरा कहने की आदत डाले तो शायद आमजनता में अधिक प्रभावी तरीके से अपनी बात रख कर लोगों को अपने पक्ष में किया जा सकता है। जब राष्ट्रीय अस्मिता पर और सेना के पराक्रम को प्रश्नों में उभारा जाता है तो लाख कमियों के बावजूद सच्चा राष्ट्रप्रेमी नागरिक इसे स्वीकार नहीं पाता। यही कारण है कि मोदी जी को जितना निशाना बनाया जाता है मोदी उस निशाने से और अधिक निखार के साथ उभरते आ रहे हैं। आज जब ट्रंप भारत की अर्थ व्यवस्था को नकारते हैं तो यह देशवासियों के गले उतरने वाली बात नहीं होती। इसी तरह से जब ऑपरेशन सिन्दुर पर प्रश्न चिन्ह उठाया जाता है तो आमजन इसे देश के खिलाफ आवाज और सेना के असम्मान के रुप में देखता है। जब संविधान की प्रति उठाकर संविधान बचाओ की बात करते हैं तो उनकी सरकार के समय ही संसद से पास अधिसूचना को सार्वजनिक रुप से फाड़ने को याद करते हैं।

- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

मातृत्व वंदना योजना बनी संबल

# बेरलाकला की टिकेश्वरी साहू ने साझा किया अपना अनुभव

ब्यूरो चीफ अनिल सिंघानिया



**बेमेतरा।** जिला प्रशासन बेमेतरा के सतत मार्गदर्शन एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से आज आमजन लाभान्वित हो रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम बेरलाकला निवासी टिकेश्वरी साहू ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के माध्यम से मिले आर्थिक सहयोग को अपने जीवन का संबल बताया। टिकेश्वरी साहू ने बताया कि उनका परिवार मुख्यत: कृषि पर आधारित है तथा वे गृहिणी होने के कारण सदैव परिवार के पुरुष सदस्यों की आमदनी पर निर्भर थीं। आर्थिक तंगी के कारण उन्हें अपनी आवश्यक जरूरतों में भी कटौती करनी पड़ती थी, जिसका असर उनके स्वास्थ्य पर पड़ा। इसी बीच जब उन्हें मातृत्व सुख की सूचना मिली तो खुशी के साथ ही चिंता भी बढ़ गई कि क्या वे स्वयं और आने वाले शिशु की उचित देखभाल कर पाएंगी।

इसी दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन बहनों के माध्यम से उनका पंजीयन किया गया और उन्हें प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के बारे में जानकारी दी गई। योजना के अंतर्गत प्रथम संतान पर 5000 की राशि दो किस्तों में तथा द्वितीय बालिका पर 6000 की राशि एकमुश्त दी जाती है। टिकेश्वरी ने कहा कि योजना की पहली किश्त प्राप्त होने पर उन्होंने संतुलित आहार एवं चिकित्सीय जांच पर खर्च किया। वहीं दूसरी किश्त का प्रयोग प्रसव पूर्व आवश्यकताओं एवं स्वास्थ्य देखभाल में किया। योजना से मिले सहयोग ने उन्हें न केवल आर्थिक संबल दिया बल्कि मानसिक रूप से भी निश्चिंत किया। आज वे और उनका शिशु दोनों ही स्वस्थ और प्रसन्न हैं। टिकेश्वरी साहू ने कहा कि मैं प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन बेमेतरा की हृदय से आभारी हूँ। मातृत्व वंदना योजना ने मुझे जीवन के सबसे महत्वपूर्ण दौर में संबल दिया। यह योजना मेरे जैसे अनेक परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस अवसर पर कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने बताया कि जिले में शासन की जनहितकारी योजनाओं को प्राथमिकता से क्रियान्वित किया जा रहा है। मातृत्व वंदना योजना जैसी योजनाओं से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सकारात्मक सुधार देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और मितानिन दीदियों की सक्रिय भूमिका इस सफलता की कुंजी है। कलेक्टर ने सभी पात्र महिलाओं से अपील की कि वे योजना का लाभ अवश्य लें ताकि मातृत्व काल सुरक्षित, स्वस्थ और तनावमुक्त हो सके।

# प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत हितग्राहियों का पूरा हुआ घर का सपना

चीफ ब्यूरो अनिल सिंघानिया



**बेमेतरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के पावन अवसर पर बेमेतरा स्थित टाउन हॉल में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के 46 हितग्राहियों को उनके सपनों का आशियाना प्राप्त हुआ। मंच से हितग्राहियों को घरों की चाबियाँ एवं स्वीकृति पत्र सौंपे गए। अपने-अपने घर की चाबी पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर उत्साह और खुशी साफ झलक रही थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने की। वहीं बेमेतरा विधायक श्री दीपेश साहू, साजा विधायक श्री ईश्वर साहू सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### बेमेतरा विधायक श्री दीपेश साहू का संबोधन

अपने उद्बोधन में विधायक दीपेश साहू ने कहा कि "प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0" ने गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के जीवन में नई उम्मीद जगाई है। अब हर जरूरतमंद परिवार सम्मानपूर्वक जीवन जीने की ओर अग्रसर हो सकेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस पर हम उन्हें शुभकामनाएं देते हुए सभी हितग्राहियों को उज्ज्वल भविष्य की बधाई प्रेषित करते हैं।

### साजा विधायक श्री ईश्वर साहू का उद्बोधन

साजा विधायक श्री ईश्वर साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज जब हर परिवार को अपना घर मिल रहा है, तो यह सिर्फ एक योजना नहीं बल्कि जीवन स्तर में सुधार की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। हमें अपने घर को सुंदर और स्वच्छ बनाए रखना चाहिए तथा इसे स्वच्छ भारत अभियान से जोड़कर एक आदर्श समाज निर्माण की दिशा में योगदान देना चाहिए।उन्होंने पुसरखा के सुरता कला जत्था को भी उनके सांस्कृतिक योगदान के लिए शुभकामनाएं दीं।

### कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा का उद्बोधन-

कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस पर जरूरतमंद परिवारों को जब हम आवास की चाबी सौंपते हैं, तो यह केवल एक घर देने का कार्य नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की ओर एक मजबूत कदम है। सभी हितग्राहियों से अपेक्षा है कि वे अपने घर को स्वच्छ, सुरक्षित और सुंदर बनाएँ और समाज में उदाहरण प्रस्तुत करें।

### वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू का उद्बोधन-

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने अपने विचार रखते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ने जिन परिवारों को नया जीवन दिया है, उन्हें अपने इस घर को न केवल सुरक्षित और मजबूत बनाना है, बल्कि समाज की शांति और सौहार्द बनाए रखने में भी योगदान देना है। सुरक्षित घर और सुरक्षित समाज, दोनों मिलकर ही एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण करते हैं। प्रशासन और पुलिस हमेशा जनता की सेवा और सहयोग के लिए तत्पर है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्री अजय साहू, छत्तीसगढ़ रजककार बोर्ड अध्यक्ष श्री प्रहलाद रजक, नगर पालिका अध्यक्ष श्री विजय सिन्हा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती प्रेमलता मंडावी, पूर्व विधायक श्री अवधेश चंदेल, वरिष्ठ नेता श्री योगेश तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री राजेंद्र शर्मा, सभी पार्षदगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के समापन पर हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही यह संकल्प लिया कि वे न केवल अपने घर को स्वच्छ और सुंदर बनाएंगे बल्कि समाजहित एवं स्वच्छता अभियान में भी सक्रिय भूमिका निभाएँगे।



# मातृत्व वंदना योजना ने बदली मंजू साहू के जीवन की दिशा

## बेरलाकला की गृहणी को मिला मातृत्व सुख, स्वस्थ शिशु और आर्थिक संबल

ब्यूरो चीफ अनिल सिंघानिया




**बेमेतरा।** बेमेतरा जिले के ग्राम बेरलाकला निवासी श्रीमती मंजू साहू की जीवन गाथा इस बात का उदाहरण है कि कैसे शासन की योजनाएँ आम गृहणियों और माताओं के जीवन में नया संबल बन रही हैं। श्रीमती साहू का परिवार कृषि कार्य पर आधारित है। स्वयं गृहणी होने के कारण वे घर से बाहर किसी कार्य में सम्मिलित नहीं होतीं, जिसके चलते उन्हें अक्सर आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता था। अपनी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए भी उन्हें परिवार के पुरुष सदस्यों की आमदनी पर निर्भर रहना पड़ता था। यही परनिर्भरता कभी-कभी उनके स्वास्थ्य और आत्मविश्वास पर भी बोझ बन जाती थी।

इसी दौरान उनके जीवन में सबसे बड़ी खुशी आई प्रथम मातृत्व सुख की। गर्भावस्था की सूचना पाकर जहां एक ओर घर-परिवार प्रसन्न था, वहीं दूसरी ओर मंजू के मन में शंका और चिंता घर कर गई कि क्या वे अपने और शिशु की उचित देखभाल कर पाएंगी 7 इसी बीच आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और मितानिन दीदी ने उनसे भेंट कर प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की जानकारी दी।

उन्हें बताया गया कि यह योजना गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है। प्रथम संतान पर 5000 दो किश्तों में तथा दूसरी बालिका होने पर ?6000 की राशि महिला हितग्राही को प्रदान की जाती है।

यह सुनकर मंजूजी के चेहरे पर उम्मीद की किरण जगमगा उठी। योजना के लिए उनका पंजीयन हुआ और कुछ समय बाद उन्हें प्रथम किश्त की राशि प्राप्त हुई। इस राशि का उपयोग उन्होंने पौष्टिक आहार और चिकित्सीय आवश्यकताओं पर किया। समय पर द्वितीय किश्त का भुगतान भी हुआ, जिससे गर्भावस्था के दौरान आई चुनौतियों का सामना सहज रूप से कर पाईं। आज मंजू साहू और उनका शिशु दोनों स्वस्थ और प्रसन्न हैं। वे कहती हैं कि मातृत्व वंदना योजना ने मेरे जीवन को नया सहारा दिया। मुझे न केवल आर्थिक सहयोग मिला, बल्कि मातृत्व जैसे दुर्लभ सुख को तनावमुक्त होकर अनुभव करने का अवसर भी मिला। मैं प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन की हृदय से आभारी हूँ, जिन्होंने मुझे और मेरे शिशु के लिए यह सुरक्षा कवच प्रदान किया।

इस सफलता की कहानी यह दर्शाती है कि शासन की योजनाएँ जब सही पात्र तक पहुँचती हैं, तो वे न केवल आर्थिक संबल देती हैं बल्कि सामाजिक और भावनात्मक दृष्टि से भी जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करती हैं।

### एक पेड़ माँ के नाम 2.0% अभियान के तहत सड़कों के किनारे और डिवाइडर्स पर पौधरोपण

# छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय राजमार्ग बन रहे ग्रीन कॉरिडोर



**रायपुर।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) जहां एक ओर देश में सड़कों का जाल बिछा रहा है, वहीं दूसरी ओर राजमार्गों के किनारों और डिवाइडर्स पर पौधे लगाकर ग्रीन कॉरिडोर भी तैयार कर रहा है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने %एक पेड़ माँ के नाम 2.0% अभियान के तहत इस साल छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे और डिवाइडर्स पर दो लाख 71 हजार से ज्यादा पौधे लगाकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार के साथ-साथ प्राधिकरण उन्हें %ग्रीन कॉरिडोर% में भी बदल रहा है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' अभियान छत्तीसगढ़ में हरियाली, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की नई दिशा दे रहा है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर दो लाख 71 हजार से अधिक पौधे रोपित होना इस बात का प्रमाण है कि सड़क निर्माण केवल विकास की आधारशिला नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वायु और हरित जीवन का भी संकल्प है। राष्ट्रीय राजमार्ग से छत्तीसगढ़ में नागरिकों को तरक्की की राह के साथ ही हरियाली की छांव भी मिल रही है। उन्होंने कहा कि ग्रीन कॉरिडोर का यह प्रयास छत्तीसगढ़ को न केवल यातायात सुविधा में बल्कि पर्यावरणीय संतुलन में भी देश के अग्रणी राज्यों में स्थापित करेगा।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय राजमार्गों में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के महत्वाकांक्षी %एक पेड़ माँ के नाम 2.0% अभियान के अंतर्गत इस साल निर्धारित लक्ष्य से अधिक वृक्षारोपण किया है। रायपुर-विशाखापट्टनम (NH-130CD) परियोजना में सर्वाधिक 97 हजार 145 पौधे लगाए गए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र सीमा-दुर्ग-रायपुर-ओडिशा सीमा (NH-53) पर 46 हजार 141 पौधे, चांपा-कोरबा-कटघोरा (NH-149B) मार्ग पर 23 हजार 020 पौधे, बिलासपुर-कटघोरा (NH-130) मार्ग पर 16 हजार 847 पौधे, बिलासपुर-उरगा-पत्थलगांव (NH-130 A) मार्ग पर 14 हजार 400 पौधे तथा सिमगा-रायपुर-धमतरी (NH-30) परियोजना में 5406 पौधे रोपे गए हैं।

राष्ट्रीय राजमार्गों के डिवाइडर्स पर मीडियन प्लांटेशन के रूप में पौधे लगाए गए हैं, जबकि किनारों पर एवेन्यू प्लांटेशन के रूप में पौधरोपण किया गया है।

इनमें काफी संख्या में बड़े फलदार और छायादार वृक्ष भी शामिल हैं। नए इलाकों में पौधरोपण के साथ ही पिछले वर्षों में क्षतिग्रस्त हुए पौधों को बदलने के लिए 68 हजार 297 जगहों पर रिप्लांटेशन भी किया गया है। इस तरह चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक (15 सितम्बर 2025 तक) कुल दो लाख 71 हजार 253 पौधे राष्ट्रीय राजमार्गों पर लगाए गए हैं।



*भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, रायपुर के क्षेत्रीय अधिकारी श्री प्रदीप कुमार लाल ने कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' सिर्फ एक वृक्षारोपण अभियान नहीं है, बल्कि यह भविष्य की पीढ़ी के लिए एक निवेश है। हमारा उद्देश्य सिर्फ सड़कों का निर्माण करना नहीं, बल्कि एक स्वस्थ और सुन्दर पर्यावरण का भी निर्माण करना है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों में इस साल दो लाख दो हजार 959 नए पौधे लगाए गए हैं, जबकि 68 हजार 297 जगहों पर रिप्लांटेशन किया गया है। इस तरह छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय राजमार्गों पर इस साल (2025-26 में) अब तक कुल दो लाख 71 हजार 253 पौधे लगाए जा चुके हैं।*

# शाला में द्वितीय मेगा पालक-शिक्षक बैठक सम्पन्न

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** प्राथमिक शाला बरगा में द्वितीय पालक-शिक्षक बैठक का सफल आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ संस्था प्रमुख द्वारा उद्देश्य एवं प्राप्त एजेंडा प्रस्तुत करने से हुआ। बैठक में तिमाही परीक्षा परिणाम पर विस्तार से चर्चा की गई तथा कक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधान पाठक ने पालकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से शाला भेजें एवं घर पर भी पढ़ाई के लिए प्रेरित करें, ताकि विद्यार्थियों की शिक्षा में और अधिक सुधार हो सके।




इस अवसर पर सरपंच नन्दकुमारी ठाकुर, उप-सरपंच पुन्नी कमलेश साहू, एस.एम.सी. अध्यक्ष नारायण साहू, उपाध्यक्ष पुनाराम साहू एवं सदस्यगण ङ्क खेमलाल पाल, दीपक, चोवाराम, संतू यादव, डाकवर यादव, ललित ठाकुर, गणेश, मनटोरा यादव, देवकुंवर साहू, इन्द्रौतीन सहित बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे।

बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई तथा सभी ने बच्चों के उज्वल भविष्य हेतु सहयोग का संकल्प लिया।

# विभाग स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव में 33 प्रथम रहे

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर द्वारा आयोजित विभाग स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर कसारीडीह दुर्ग में किया गया। सशिमं थानखम्हरिया के भैया बहनों ने अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन कर 33 लोग प्रथम रहे। आयोजन में तीन जिलों से 216 भैया बहनों एवं सरंक्षक आचार्यों की सहभागिता रही। इस कार्यक्रम में बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रतियोगितायें जैसे गीत, भजन, रंगोली, चित्रकला, प्रश्नमंच, निबंध, मूर्ति कला, एकल अभिनय, तबला वादन, शास्त्रीय नृत्य आदि विभिन्न विधाओं का सफलतापूर्वक प्रस्तुतिकरण किया गया। सभी कार्यक्रमों में सरस्वती शिशु मंदिर थानखम्हरिया के 43 भैया बहनों ने



बढ़ - चढ़ कर भाग लेकर पूरे दुग विभाग में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। 33 भैया बहनों ने विभिन्न विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय के गौरव को स्थापित किया। प्रबंध समिति के कुशल मार्गदर्शन, प्राचार्य लखन लाल साहू व बौद्धिक प्रमुख मनहरणदास मानिकपुरी के नेतृत्व तथा विद्यालय के आचार्यों के अथक प्रयास से बच्चों को उत्कृष्ट सफलता प्राप्त हुयी। विजेता भैया बहन प्रान्त स्तरीय बौद्धिक प्रतियोगिता हेतु 26 सितम्बर से कोरबा के लिए प्रस्थान करेंगे। विद्यालय परिवार ने सभी भैया बहनों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुये बधाई दी।

# सुंदर, दिव्य, भव्य भारत का निर्माण हो - संत रामबालकदास जी

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** सृजन जीवन का मूल है। परिश्रम तथा सृजन को भी भगवान की पूजा मानी जाये। भगवान विश्वकर्मा ज्ञान, तकनीक और सृजनता के प्रतीक हैं। पाटेश्वरधाम के ऑनलाईन सतसंग में संत श्रीरामबालकदास जी महात्यागी ने विश्वकर्मा जयंती पर कहा कि भारतीय पौराणिक कथानुसार भगवान विश्वकर्मा एक दिव्य वास्तुकार के रूप में प्रतिष्ठित हैं। वे ब्रम्हा के ही स्वरूप हैं। स्वर्ग लोक तथा पृथ्वी लोक में बने सभी भव्य निर्माण विश्वकर्मा जी की देन हैं। इंद्रपुरी अमरावती, द्वारिका नगरी, पुष्पक विमान, शिव जी का त्रिशूल, विष्णु जी का सुदर्शन चक्र, इंद्र का वज्र का निर्माण विश्वकर्मा जी ने ही



किया है। वे दिव्य निर्माणों के अधिपति हैं। लंका का निर्माण भी विश्वकर्मा ने ही किया था। जगमगाते सोने के महल, बारीक नक्काशी, त्रुटिहीन अभियांत्रिकी से युक्त लंका नगरी थी। लंका धन और तेजस्विता की नगरी थी। रावण ने चालाकी तथा अपने बल पर कुबेर से छीनकर लंका पर अधिकार कर लिया था। धर्ममय शासन को गौरवांवित करने के उद्देश्य से लंका का निर्माण किया गया था जो तामसी शासक के हाथों चला गया। विश्वकर्मा जी ने लंका का निर्माण इस प्रकार किया था कि जब तक धर्ममय शासन रहे तब तक सुरक्षित रहे इसीलिये हनुमान की लगायी आग से लंका भस्म हो गयी नहीं तो क्या सोने की लंका जलायी जा सकती थी ? बाबाजी ने सृष्टि निर्माता से सुंदर, दिव्य, भव्य भारत के निर्माण की कामना की।

# शासकीय गजानन्द अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा में स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन आयोजित

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शासकीय गजानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा चलाए जा रहे स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन आयोजित किया गया. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ जे. एन. केशरवानी ने स्वावलंबी भारत विषय में अपने विचार व्यक्त किए. स्वदेशी जागरण मंच के जिला प्रतिनिधि श्री सौरभ साहू ने स्वदेशी उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला. वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष श्री अशोक वर्मा ने कोविड काल के बाद स्वदेशी के महत्व को समझाया. प्रभारी प्राचार्य






डॉ. शशिकरण कुजूर ने स्वदेशी उत्पादों एवं उद्यमियों के बारे में बताते हुए विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम के अंत में स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग के लिए विद्यार्थियों को शपथ दिलाई



गई. उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजन तिवारी ने एवं आभार प्रदर्शन सुश्री इंद्राणी मरकाम ने किया।

# “ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 20 बालिकाओं को अनुसंधान केंद्र एवं लैब का शैक्षणिक भ्रमण “

चीफ ब्यूरो अनिल सिंघानिया




**बेमेतरा।** जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) महिला एवं बाल विकास विभाग, बेमेतरा (छ.ग.) के द्वारा भारत सरकार की योजना अंतर्गत संकल्प HEW अंतर्गत महिला केन्द्रित विषयों पर 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा, श्री चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास बेमेतरा के निर्देशानुसार एवं महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री सी.पी.शर्मा के मार्गदर्शन में ‘‘संकल्प HEWÒ अंतर्गत महिला केन्द्रित विषयों पर 10 दिवसीय (02 सितम्बर 2025 से 12 सितम्बर 2025 तक) विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें महिलाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण को मजबूत करने के लिए विशेष अभियान के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 20 बालिकाओं को अनुसंधान केंद्र एवं लैब का शैक्षणिक भ्रमण जिसमे शासकीय डेयरी पॉलिटेक्निक कॉलेज बेमेतरा एवं कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र ढोलिया जिला बेमेतरा में भ्रमण कराया गया बालिकाओं को डेयरी के कोर्स के विषय में बताया गया पढ़ाई करने से क्या लाभ होगा आगे अपना व्यवसाय कैसे शुरू कर सकते है, बालिकाओं को लैब का भ्रमण भी कराया गया जिसमें बताया गया दुध में मिलावट की टेस्टींग जैसे यूरिया आदि, दुध से बनाये जाने वाले उत्पाद पनीर, मखन, रबड़ी, प्रोटीन शेक बनाने कि जानकारी दि गई एवं कृषि महाविद्यालय में बालिकाओं को ड्रेगन फूट, आम, जाम, अनार, हल्दी, केला, फूल, फल इत्यादि लगा था उसको दिखाया गया व खेती के बारे में बताया गया। साथ ही अलसी के डंठल से लिनेन कपड़ा कैसे बनता है तथा कचरा से धन बनाते हुए बालिकाओं को दिखाया गया। बालिकाओं ने बढ़ी ही उत्साहपूर्वक देखे व समझे उक्त कार्यक्रम में श्रीमती लक्ष्मी साहू सुपरवाइजर खण्डसरा, राजीव कुमार वर्मा जिला मिशन समन्वयक मिशन शक्ति, श्री राजेन्द्र चंद्रवंशी परियोजना समन्वयक चाईल्ड हेल्प लाइन, तमन्ना बारले एवं सेवन्तिका साहू जेण्डर विशेषज्ञ (हब), आशीष जायसवाल सुपरवाइजर, चाईल्ड हेल्प लाइन 1098, सखी वन स्टॉफ सेन्टर से सीमा यदु केस वर्कर, कॉलेज के प्राध्यापक एवं छात्राएं उपस्थित रहे ।






# दुर्गोत्सव की तैयारी में जुटे कुम्हार परिवार

## पुश्तैनी कला को बचाने जद्दोजहद

चीफ ब्यूरो अनिल सिंघानिया



**थानखम्हरिया।** नवरात्रि प्रारंभ होने में केवल छः दिन शेष हैं। नगर के मूर्तिकार दुर्गा जी की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में लगे हुये हैं। मूर्तिकारों का पूरा परिवार दिन – रात मूर्ति को पूरा करने में लगा हुआ है। महंगायी के इस दौर में मूर्तिकारों का परिवार संकट में है। जिस रफ्तार से महंगायी बढ़ रही है उस हिसाब से मूर्तियों के दाम नहीं बढ़ रहे हैं। नगर में लगभग 25 कुम्हार परिवार मूर्तियाँ, मिट्टी के बर्तन तथा अन्य सामग्री बनाने का काम करते हैं सभी का यह पुश्तैनी काम है। पूरा परिवार मिलकर पहले गणेश जी की फिर दुर्गा मां की प्रतिमा बनाता है। छः महिने पहले से कुम्हार तैयारी शुरू कर देते हैं। नगर में अनुमानतः गणेश जी की 500 तथा माँ दुर्गा की करीब 150 मूर्तियाँ बनायी जाती हैं जो नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित की जाती हैं। करीब 20 किमी क्षेत्र तक यहाँ बनी मूर्तियाँ जाती हैं। मूर्तिकारों का कहना है कि मूर्ति बनाने का सामान काफी महंगा हो गया है लेकिन पुश्तैनी धंधे को बचाने के लिए इस काम को कर रहे हैं। 22 सितंबर से नवरात्र का पावन पर्व शुरू हो रहा है। नगर में अनेक दुर्गा समितियों द्वारा पाण्डाल बनाने सजाने, संवारने का काम शुरू हो गया है। नगर में करीब 20 स्थानों पर दुर्गा जी की भव्य एवं आकर्षक मूर्तियाँ स्थापित की जाती हैं। दुर्गा प्रतिमा बनाने मूर्तिकार का पूरा परिवार लगा हुआ है। महंगाई का असर भी दुर्गा प्रतिमाओं में पड़ रहा है। मेहनत और लागत के हिसाब से इन्हें मजदूरी नहीं मिल रही है। मूर्तिकारों दौवा कुंभकार, माधव, अशोक कुंभकार ने बताया कि दादा परदादा के समय से मूर्ति बनाने का काम करते आ रहे हैं दूसरा व्यवसाय कर नहीं सकते। दुर्गा प्रतिमा के निर्माण में कच्चा सामान जैसे सुतली, रस्सी, पैरा, कील, लकड़ी का बत्ता के दाम बढ़ गए हैं मूर्ति बनाने के काम में मजदूर भी लगाये जाते हैं। मिट्टी से बने सामान और मिट्टी से बनी, मूर्तियां बनाकर परिवार के रोजी-रोटी और परिवार का पालन पोषण करते हैं।

# नशे की हालत में स्कूल जाने वाले शिक्षकों पर होगी त्वरित कार्रवाई - गजेंद्र यादव शिक्षामंत्री

चीफ ब्यूरो अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने विभागीय समीक्षा बैठक में स्पष्ट कहा कि नियमित उपस्थिति, अनुशासन और शिक्षा गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि नशे की हालत में विद्यालय आने वाले शिक्षकों पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री के इस फैसले का शिक्षकों ने स्वागत किया है। शालेय शिक्षक संघ सहसपुर-लोहारा के शिक्षक राकेश जोशी ने कहा कि यह निर्णय शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और अनुशासन बनाए रखने में मील का पत्थर साबित होगा। वहीं ब्लॉक सचिव देवानंद त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक समाज का मार्गदर्शक होता है, इसलिए शराब पीकर विद्यालय जाना किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं।

समाजसेवियों और पालकों ने भी इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि अब अभिभावकों और विद्यार्थियों में शिक्षा व्यवस्था के प्रति विश्वास और मजबूत होगा। इस अवसर पर विनोद शर्मा, आशिष राज सिंघानिया, मनीष सिंह, गुलाब साहू, ढालसिंह राजपूत सहित कई शिक्षकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शिक्षामंत्री के निर्णय की सराहना की। एक शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है, शिक्षकों का चरित्र बच्चों के लिए आदर्श होता है, जिनसे वे प्रेरणा लेते हैं. बच्चें जो देखते हैं वही सीखते हैं, इसलिए शिक्षकों को हमेशा उच्च आचरण का हमेशा पालन करना चाहिए, ताकि हम एक आदर्श व संस्कारी समाज का निर्माण कर सकें.

**आशीष राज सिंघानिया**
**संस्थापक – साईनाथ फाउंडेशन**

एक शिक्षक का मद्यपान करके स्कूल में आना यह संवेदनशील मामला है की शिक्षक विद्यार्थियों के लिए आदरणीय और प्रेरणा स्रोत होता हैं शिक्षक अगर ऐसी गलती करता है तो उस पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि उस शिक्षक को संवेदनशीलता का एहसास हो, और बाकी शिक्षकों के लिए भी एक संदेश जाए कि ऐसे व्यवहार की कोई जगह नहीं है इस तरह से शिक्षक पर अनुशंसानत्मक कार्रवाई करना जरूरी है, समस्थानिक सुधारो की भी आवश्यकता है इस तरह से कदमों से स्कूल का माहौल सुंदर बना रहेगा ।

**– महेंद्र विरदी, समाजसेवी थानखम्हरिया**

# संघ प्रचारक शांताराम सराफ़ व मचान वाले बाबा रामकृष्ण महा त्यागी को श्रद्धांजलि दी गई

## शांताराम सराफ़ का संपूर्ण जीवन समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पित रहा, पं. ओमप्रकाश जोशी

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खम्हरिया।** नगर के राधा कृष्ण जमात मंदिर में मचान वाले बाबा परम श्रद्धेय, श्री रामकृष्ण महात्यागी को व संघ प्रचारक शांताराम जी सराफ़ को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, भाजपा नेता राजेश ठाकुर, पत्रकार अनिल सिंघानिया, राकेश जोशी ने संबोधित किया। सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देकर, पश्चात महान विभूतियों के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जोशी जी ने बताया, रामकृष्ण महा त्यागी संत थे। उन्होंने अपने जीवन को सरल और ईश्वर के प्रति भक्ति वैराग्य जीवन अपनाया। नगर में यज्ञ के समय उनका खम्हरिया आगमन हुआ था। जिसका लाभ आशीर्वाद ग्रामीण अंचल को मिला। मचान वाले बाबा बहुत ही अलग तरीके से साधना करते थे। जमीन के ऊपर कुटिया बनाकर रहते थे। उनकी ज़रूरतें सीमित थी। उन्होंने बताया, 1975 से अब तक जमीन पर पांव नहीं रखा। कुंभ मेले में भी लोगों का ध्यान बाबा ने खींचा था। उनका पंडाल 24 घंटे खुला रहता था। हर रोज 5000 लोग दर्शन करने आते थे। आगे आपके द्वारा संघ प्रचारक शांताराम जी सराफ़ को श्रद्धा, सुमन, अर्पित करते हुए, बताया की श्री हरिहर क्षेत्र केदार द्वीप मदकू के पुरातात्विक और आध्यात्मिक वैभव को पुनः प्रतिष्ठित करने वाले समाजसेवी और संघ के वरिष्ठ प्रचारक श्री शांताराम जी का 94 वर्ष की आयु में रायपुर में निधन



हो गया। उनकी पिछले कुछ दिनों से तबीयत खराब थी। भारतीय स्टेट बैंक में प्रबंधक के पद पर रहते हुए, उन्होंने उच्च पद और सुविधाओं का त्याग कर, हिंदू समाज को संगठित करने का संकल्प लिया। और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्णकालिक कार्यकर्ता बन गए। संघ में रहते हुए उन्होंने क्रमशः जिला विभाग प्रांत प्रचारक और क्षेत्र संपर्क प्रमुख जैसे महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन किया। शांताराम जी का व्यक्तित्व सेवा, संगठन और समाजोत्थान की अदम्य भावना से ओत, प्रोत था। वर्ष 1990 से उन्होंने हरिहर क्षेत्र केदार द्वीप मदकू को पुनः स्थापित और विकसित करने, का मिशन अपनाया। उनके मार्गदर्शन और अथक प्रयासों से यह क्षेत्र न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से पुनर्जीवित हुआ। बल्कि शोधकर्ताओं और श्रद्धालुओं का प्रमुख आकर्षण भी बना। सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की, इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष राजेश सिंघानिया, रामेश्वर उपाध्याय, पुरुषोत्तम सिंघानिया, सुरेश सिंघानिया, आदर्श जोशी, राजकुमार निषाद, सरस्वती शिशु मंदिर प्राचार्य लखन साहू उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य मंत्री ने किया बीएमसी छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव का शुभारंभ, मध्य भारत में कैंसर उपचार को नई दिशा

**रायपुर ।** मध्य भारत में कैंसर उपचार के क्षेत्र में अग्रणी बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) ने माननीय श्री श्याम बिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन की उपस्थिति में तीसरे वार्षिक छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव का शुभारंभ किया। उद्घाटन के अवसर पर सिर एवं गर्दन के जटिल कैंसर की लाइव सर्जिकल डेमोन्स्ट्रेशन आयोजित की गई, जिसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कैंसर विशेषज्ञों ने हिस्सा लेकर प्रतिभागियों के ज्ञान और तकनीकी समझ को मजबूत किया।

इस कार्यशाला का नेतृत्व अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कैंसर विशेषज्ञ डॉ. अनिल डी'क्रूज़, निदेशक ऑन्कोलॉजी, अपोलो हॉस्पिटल्स (दिल्ली, मुंबई, चेन्नई) और डॉ. गौरी पंतवैद्य, प्रोफेसर एवं प्रमुख, सिर एवं



गर्दन ऑन्कोसर्जरी विभाग, टाटा मेमोरियल सेंटर, मुंबई ने किया। देशभर के अग्रणी कैंसर संस्थानों से जुड़े कैंसर सर्जन ने सत्र को और भी समृद्ध बनाया तथा प्रतिभागियों को जटिल सर्जिकल निर्णयों की बारीकियों से अवगत कराया।

सिर एवं गर्दन के कैंसर की बढ़ती संख्या पर चर्चा करते हुए डॉ. अनिल डी'क्रूज़ ने कहा कि पिछले तीन दशकों के दौरान कैंसर की घटनाओं, खासकर थायरॉइड कैंसर में तीन गुना वृद्धि हुई है। यह मुख्यतः सर्जरी से ठीक होने वाला कैंसर है और सही इलाज मिलने पर 99 प्रतिशत मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकते हैं। लेकिन यदि यह सर्जरी प्रशिक्षित सर्जनों द्वारा न की जाए तो रोगियों की आवाज़, कैल्शियम संतुलन, पैराथायरॉयड कार्यप्रणाली और दीर्घकालिक नियंत्रण पर गंभीर दुष्प्रभाव हो सकते हैं। इसलिए सर्जन को हर साल कम से कम 50-60 ऐसी सर्जरी का अनुभव होना चाहिए। मुझे खुशी है कि बीएमसी कॉन्क्लेव ने युवा सर्जनों को सीखने और इन तकनीकों को प्रदर्शित करने का अवसर दिया।

कॉन्क्लेव उद्घाटन के अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए माननीय मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है कि बीएमसी कैंसर कॉन्क्लेव 2025 में सात देशों और पूरे भारत से आए शिक्षकों, ऑन्कोलॉजिस्ट्स, शोधकर्ताओं और प्रैक्टिशनर्स की मेजबानी कर रहा है। उनकी उपस्थिति न केवल हमारे राज्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि छत्तीसगढ़ उन्नत स्वास्थ्य चर्चाओं और नवाचारों का केंद्र बन रहा है। यह कॉन्क्लेव वैश्विक अनुभव को स्थानीय स्वास्थ्य जरूरतों से जोड़ने की हमारी दृष्टि को साकार करता है। डॉ. दिवाकर पांडे, सीनियर कंसलटेंट एवं प्रमुख, सर्जरी विभाग, बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर ने बताया कि यह इलाज केवल ट्यूमर हटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि जबड़े की हड्डी और चेहरे की संरचना को पुनर्निर्मित करने तथा भोजन, बोलने और सांस लेने जैसी आवश्यक क्रियाओं को बहाल करने का कार्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इससे मरीज समाज में आत्मविश्वास के साथ लौटकर सामान्य जीवन जी सकता है। वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन (बालको मेडिकल सेंटर) की चिकित्सा निदेशक डॉ. भावना सिरोही ने कहा कि कैंसर केयर का मानकीकरण बेहद जरूरी है। है। इस क्षेत्र के मरीजों को भी वही गुणवत्तापूर्ण इलाज मिलना चाहिए, जो महानगरों दिल्ली, मुंबई या चेन्नई जैसे मेट्रो शहरों में मिलता है। इस तरह की पहल और सहयोग के माध्यम से हम स्थानीय युवा सर्जनों को प्रशिक्षित कर स्थानीय क्षमता का निर्माण कर रहे हैं जो सबसे प्रभावी तरीका है। लाइव सर्जिकल डेमोन्स्ट्रेशन में देशभर से 150 से अधिक सर्जन और चिकित्सक ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सिर एवं गर्दन कैंसर के मल्टीडिसिप्लिनरी मैनेजमेंट पर शैक्षणिक व्याख्यान और पैनल चर्चा आयोजित हुई, जिसमें विशेषज्ञों ने नवीनतम उपचार पद्धतियों पर विचार साझा किए।





# मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में नशा मुक्ति पर उद्बोधन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू






**भाटापारा।** मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में कक्षा छठवीं से आठवीं के विद्यार्थियों के बीच अखिल विश्व गायत्री परिवार के कार्यकर्ता डॉ वीणा साहू, डॉ इंद्राणी साहु एवं श्रीमती रश्मि उपाध्याय द्वारा नशा मुक्ति विषय पर सारगर्भित उद्बोधन हुआ। विद्यार्थियों को उदाहरण देकर समझाया गया। विद्यार्थियों को नशा नहीं करने, अपने शरीर को स्वस्थ रखने हेतु शपथ भी दिलाई गई। विद्यार्थियों ने बहुत ध्यानपूर्वक गायत्री परिवार के प्रतिनिधियो की बातों को सुना व बीच-बीच में उत्तर देकर अपनी सहमति भी जताई। साथ ही जीवन में गुरु की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। भाटापारा में 10 से 13 दिसंबर को होने वाले 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की जानकारी भी दी गई। जो विद्यार्थी व अभिभावकगण गायत्री मंत्र की दीक्षा प्राप्त करना चाहते हैं वे इस कार्यक्रम मेंअवश्य उपस्थित रहे।

बहुत खुशनुमा माहौल में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्या श्रीमती प्रीति ताम्हणे एवं स्कूल कोऑर्डिनेटर श्री टी आर साहू भी पूरे समय उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्राचार्या श्रीमती प्रीति ताम्हणे ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों से कहा कि आप स्वयं नशा मुक्त रहे और अगर अपने आसपास किसी को नशा करते देखे तो उन्हें भी सुधारे। नशा करने से एक व्यक्ति बर्बाद नहीं होता वरन पूरा परिवार, समाज,रिश्तेदार सभी संबंध नष्ट हो जाते हैं। अत: स्वयं एवं संपूर्ण परिवेश को बचाए। उन्होंने गायत्री परिवार से पधारे सभी अतिथियों को इस समाजहित के सेवाकार्य के लिए बधाई एवं धन्यवाद दिया। कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात विद्यालय की तरफ से एक-एक पौधा सभी प्रतिनिधियों को भेंट स्वरूप दिया गया।





# पीएम मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा अभियान की शुरुआत

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थान खम्हरिया।** नगर के समीप चंडी धाम करमू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा अभियान की शुरुआत की गई। पश्चात कुटी धाम में भी सफाई का कार्य किया गया।

इस अवसर पर साजा विधायक ईश्वर साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, सेवा पखवाड़ा प्रभारी बलराम सिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष केशव पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि चंदन अग्रवाल, भाजपा नेता राजेश ठाकुर, अनिल सिंघानिया ने अभियान में हिस्सा लिया। चंडी धाम करमू दुर्गा मंदिर परिसर की सफाई की गई। पश्चात दुर्गा कुटी मंदिर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने व नगर पंचायत सफाई कर्मियों स्वच्छता दीदियों के द्वारा जगह-जगह पड़ा कचरा को एकत्र कर, उसे कचरा वाहन में डालकर निश्चित स्थान में पहुंचाया गया। इस मौके पर लोगों को भी स्वच्छता बनाए रखने और अभियान में सक्रिय रूप से जुड़ने का संदेश दिया गया। वह स्वच्छता अभियान को निरंतर गति प्रदान करने के लिए शपथ भी लिया गया। साजा विधायक ईश्वर साहू ने कहा इस अभियान में स्वच्छता अभियान पौधारोपण रक्तदान शिविर स्वास्थ्य जांच जनजागरूकता और सेवा से जुड़े कार्य भी शामिल होंगे। आगे आपने कहा, इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को सामाजिक और स्वच्छता से जोड़ना है। साथ ही गांधी जयंती तक चलने वाली कार्यक्रम को जिले भर में सेवा और जन भागीदारी का संदेश पहुंचेगा। यह अभियान समाज के प्रति कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी का बोध कराता है। वह इस मौके पर सेवा पखवाड़ा प्रभारी बलराम पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष जोशी जी ने भी संबोधित किया। आपने कहा, राजनीति का असली उद्देश्य केवल सत्ता पाना नहीं है, बल्कि समाज सेवा के माध्यम से जनता के जीवन को अधिक सशक्त, सुगम और बेहतर बनाना है। मोदी जी ने अपना पूरा जीवन देश सेवा के लिए समर्पित करते हुए, यह साबित किया कि पूरा देश उनके लिए परिवार है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन है। इस शुभ अवसर से लेकर आगामी 2 अक्टूबर तक सेवा परमो धर्म के मूल सिद्धांतों को सही मायने में साबित करना है। 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती, और 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती को भी बड़े उत्साह के साथ मनाएंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष केशव पटेल, महामंत्री घनश्याम सिंह ठाकुर, हेमंत साहू, नगर पंचायत सी.एमओ सतीश यादव, टेकराम साहू, नरेंद्र निर्मलकर, पुन्नी तोरण यादव, पूरन कश्यप, सेवाराम साहू, गोवर्धन पटेल, चंद्रशेखर राजपूत, सोनू शर्मा, गणेश वर्मा, राजकुमार चंद्राकर, हेमंत साहू, सूरज पाल, मनीष रात्रे पार्षद, दौलत नाथ योगी, टीकम अग्रवाल, अजय चंद्रवंशी, ओम पाल, भार्गव पटेल, लोकेश पटेल, उपस्थित थे।



छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा का भव्य आयोजन

# कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा और विधायक श्री ईश्वर साहू ने दी स्वच्छता एवं विकास की सौगात

ब्यूरो चीफ अनिल सिंघानिया





**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में रजत महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज बेमेतरा जिले में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में साजा विधायक श्री ईश्वर साहू मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से किया गया।

## स्वच्छता दीदियों एवं हितग्राहियों को मिला संबल

स्वच्छता अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने वाली स्वच्छता दीदियों को सामग्री वितरण कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मछली पालन से जुड़े हितग्राहियों को आइस बॉक्स और मछली पकड़ने के जाल प्रदान किए गए ताकि वे अपने कार्य को और बेहतर ढंग से कर सकें। वहीं विशेष रूप से दिव्यांग हितग्राही कुंती साहू को ट्राइसाइकिल प्रदान की गई, जिससे उनका जीवन अधिक सुलभ एवं स्वावलंबी बन सके।

कार्यक्रम में स्वच्छता और शिक्षा को जोड़ते हुए कक्षा 10वीं और 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए अधिकारियों ने कहा कि शिक्षा के साथ स्वच्छता भी जीवन का अभिन्न हिस्सा है और नई पीढ़ी को इस दिशा में विशेष जिम्मेदारी निभानी होगी।

## विधायक श्री ईश्वर साहू ने अपने उद्बोधन में कहा

छत्तीसगढ़ ने 25 वर्षों की यात्रा में अनेकों उपलब्धियाँ अर्जित की हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की योजनाओं और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी की जनहितकारी नीतियों ने प्रदेश की तस्वीर बदल दी है। आज गरीब से गरीब व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँच रहा है। किसान, मजदूर, महिला, छात्र और युवा—सभी वर्गों को सशक्त करने के लिए राज्य और केंद्र सरकार मिलकर काम कर रही हैं।स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा हमें यह सिखाता है कि स्वच्छता से ही स्वास्थ्य और समृद्धि संभव है। आज हम सबको संकल्प लेना चाहिए कि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण देंगे।

## कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा

छत्तीसगढ़ आज अपनी 25 वर्षों की विकास यात्रा में एक नए मुकाम पर खड़ा है। यहाँ अब IIT, IIIT, AIIMS, National Law University जैसी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तरीय सुविधाएँ उपलब्ध



हो चुकी हैं। अब हमारे बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रदेश से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। मेहनत और अच्छे अध्ययन से ही सफलता मिलती है। प्रदेश में हर अवसर उपलब्ध है, बस युवाओं को लगन और परिश्रम से पढ़ाई करनी होगी।

स्वच्छता केवल सरकारी योजनाओं तक सीमित नहीं है, यह जन-आंदोलन है। जब हर नागरिक अपने आस-पास की सफाई की जिम्मेदारी स्वयं उठाएगा, तभी स्वच्छ और विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण संभव होगा।

## स्वच्छता और विकास का संगम

इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ का रजत महोत्सव केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि 25 वर्षों की प्रगति यात्रा का प्रतीक है। इस अवसर को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा से जोड़कर यह संदेश दिया गया कि विकास तभी सार्थक है जब समाज स्वच्छ, स्वस्थ और जागरूक हो। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए थे। विधायक श्री ईश्वर साहू ने इन स्टॉलों का अवलोकन किया और हितग्राहियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से हितग्राहियों तक पहुँचे। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती प्रेमलता, तेलघानी विकास बोर्ड छत्तीसगढ़ अध्यक्ष श्री जितेंद्र साहू, रजककार विकास बोर्ड छत्तीसगढ़ अध्यक्ष श्री प्रहलाद रजक, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री अजय साहू, साजा नगर पालिका अध्यक्ष श्री हिमांशु वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती प्रेरणा लाल, साजा जनपद अध्यक्ष श्री जितेंद्र साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा स्वच्छता दीदियाँ, छात्र-छात्राएँ और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# क्लीन सिटी के अंतर्गत भाटापारा में स्वच्छता दीदियों की बैठक का आयोजन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** मिशन क्लीन सिटी के अंतर्गत आज भाटापारा में स्वच्छता दीदियों की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा, स्वास्थ्य विभाग सभापति सतीश तलरेजा, सीएमओ ज़फ़र ख़ान, समस्त पार्षदगण एवं सुपरवाइज़र उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष चर्चा की गई। स्वच्छता अभियान को जनभागीदारी से जोड़ने और प्रत्येक नागरिक को इसमें सक्रिय भूमिका निभाने हेतु आह्वान किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा ने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ भाटापारा का निर्माण ही हमारी प्राथमिकता है। यह प्रयास आने वाली पीढ़ियों को बेहतर वातावरण और जीवन स्तर प्रदान करेगा।

यह बैठक शहर की स्वच्छता व्यवस्था को नई दिशा देने और स्वच्छ भाटापारा & सुंदर भाटापारा के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम साबित होगी।

# सेवा पखवाड़ा अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में सेवा पखवाड़ा की शुरूआत की गई है। इसी क्रम में विधानसभा के ग्रामीण मंडल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। वहीं क्षेत्र के युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा सम्मिलित हुए और जनपद पंचायत सी ई ओ हिमांशु वर्मा ने भी रक्तदान किया। शिवरतन शर्मा ने रक्तदान को मानवता का सबसे बड़ा दान बताते हुए लोगो से अपील की कि वे इस महादान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। शिवरतन शर्मा ने कहा की रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यह देखकर खुशी हुई कि हमारे युवा उत्साह और निष्ठा के साथ जनसेवा में सक्रिय हैं। उनका समर्पण और रक्तदान का यह प्रयास समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। आइए, हम सभी मिलकर प्रधानमंत्री जी के संकल्प को आगे बढ़ाएं और समाज सेवा में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। यह दान किसी जरूरतमंद को जीवन देता है और समाज को जोड़ता है। सेवा पखवाड़ा वास्तव में जनकल्याण और मानवीय मूल्यों को समर्पित है। शिवरतन शर्मा ने आगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन और उनकी सेवाभावना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज पूरा देश उनके जन्मदिवस को उत्साहपूर्वक मना रहा है। उन्होंने कहा श्री मोदी सिर्फ एक राजनेता नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण की प्रेरणा हैं। गरीब कल्याण योजनाओं से लेकर स्वच्छ भारत अभियान तक, हर पहल में उनका ध्येय समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सुविधा पहुंचाना रहा है। उनका जीवन युवाओं के लिए अनुकरणीय है और उनकी प्राथमिकता हमेशा देश और जनता रही है। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी अजय राव, मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, जिला पंचायत सभापति श्रीकांत जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सविता अनंत, खुमान वर्मा, प्यारे रजक, ठाकुर राम साहू, सेवक साहू, दिनेश वर्मा, प्रदीप अनंत, पीलू वर्मा, चंद्रप्रकाश साहू, जीवन वर्मा, पवन वर्मा, कमलेश साहू, अजय साहू, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।






# भामाशाह चौक के समीप प्रीमियम शराब दुकान खोलने के निर्णय का साहू समाज ने किया विरोध

**भाटापारा।** नगर साहू समाज भाटापारा की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार शाम साहू छात्रावास भवन दानवीर भामाशाह चौक में सम्पन्न हुई। बैठक में समाज के पदाधिकारियों एवं प्रबंधकारिणी सदस्यों ने एक स्वर में दानवीर भामाशाह चौक के समीप शासन द्वारा खोले जा रहे प्रीमियम वाइन शॉप (शराब भट्ठी) का कड़ा विरोध किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि वाइन शॉप का स्थान परिवर्तन कराने हेतु शीघ्र ही कलेक्टर एवं विधायक इन्द्र साव को ज्ञापन सौंपा जाएगा। शासन द्वारा प्रस्तावित प्रीमियम शराब दुकान (वाइन शॉप) भाटापारा नगर के कई महत्वपूर्ण स्थलों के समीप खोली जा रही है। इनमें मुख्य रूप से भाटापारा का एकमात्र सिटी सेंटर मॉल, नगर के मुख्य शीतला माता मंदिर,भारतीय स्टेट बैंक कृषि शाखा के साथ ही शिवलाल मेहता स्कूल, मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, गुरुकुल स्कूल मार्ग हैं। समाजजनो का कहना है कि ऐसे धार्मिक, व्यावसायिक और सार्वजनिक स्थलों के पास वाइन शॉप खोले जाने से नगर की सामाजिक व धार्मिक मर्यादा प्रभावित होगी। समाज के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि शासन-प्रशासन द्वारा उचित कदम नहीं उठाया गया तो साहू समाज उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे और सभी ने एकजुट होकर समाज के पक्ष को मजबूती से रखने का संकल्प लिया। बैठक में मुख्यरूप से नगर साहू समाज भाटापारा के पदाधिकारियों में अध्यक्ष राजेश साहू, उपाध्यक्ष कल्याणी साहू, कोषाध्यक्ष तिलक साहू, सह सचिव जीत नारायण साव, अंकेक्षक मुकेश साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कमला साहू, छात्रावास प्रभारी नभ नारायण साहू, पार्षद सुभाष वार्ड संध्या साहू ,पार्षद नयागंज वार्ड ठाकुरराम साहू, समाजसेवक पिलाराम साहू, लुकु साहू, लखन साहू, लिकेश साहू, लोकचंद साव, पेमिन साहू, राजेश्वरी साहू, निर्मला साहू,कामता साहू उपस्थित रहें।

# नगर पालिका में आगामी त्यौहारों की तैयारियों हेतु महत्वपूर्ण बैठक संपन्न



**भाटापारा।** आगामी त्यौहारों के मद्देनजर नगर पालिका परिषद में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में शहर के व्यापारियों, पार्षदों, दुर्गोत्सव समिति के सदस्यों, तहसीलदार, तथा पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, और स्वच्छता सुनिश्चित करना था। बैठक में नगर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने, अतिक्रमण मुक्त मार्ग बनाने, आगामी दुर्गा उत्सव और दशहरा त्यौहारों को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन चर्चा हुई। जिसमें मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण को हटाने और सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक मुख्य बाजार में छोटे-बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित करने के लिया सुझाव आमंत्रित किए गए। दुकानदारों को अपनी दुकानों के सामने बने चबूतरे और अन्य अवैध निर्माण हटाने के लिए, साथ ही सड़क पर लगे ठेलों और अन्य अतिक्रमण को हटाने के लिए जनजागरण अभियान चलाने हेतु सुझाव लिए गए। ट्रैफिक सिग्नल नियमों का सख्ती से पालन कराने पर सहमति बनी। खाली प्लाटों को पार्किंग के लिए उपयोग में लाने की व्यवस्था की जाएगी। पटपर बाय पास वाली रोड स्कूल टाइम में भारी वाहनों के लिए नो एंट्री की जानी चाहिए मांग आई। बाजार में दुकानों के लिए मार्किंग कराने के संबंध में सुझाव लिया गया। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सभी व्यापारियों से सहयोग की अपील की गई। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए हमने शहर में सुचारु यातायात, बेहतर सुरक्षा और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए यह बैठक बुलाई थी हमारा लक्ष्य सभी नागरिकों और श्रद्धालुओं को एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण प्रदान करना है। इसके लिए हम व्यापारियों, दुर्गोत्सव समितियों और प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण हटाने, यातायात व्यवस्थित करने और स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष ध्यान देंगे।

# चर्च से रेल्वे क्रासिंग तक नाली निर्माण की जांच की जावें

## पालिक अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की कलेक्टर से मांग

ब्यूरोचीफ संतोष साहू





**भाटापारा।** नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत 15वें वित्त आयोग मद से वार्ड क्रमांक 25 में चर्च से लेकर रेल्वे क्रॉसिंग तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था। किंतु निर्माणाधीन अवस्था में ही उक्त नाली की दीवार ढह गई। जनहित एवं पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा ने माननीय कलेक्टर, बलौदाबाजार-भाटापारा को पत्र प्रेषित कर आग्रह किया है कि इस कार्य की निष्पक्ष जांच नगर पालिका की तकनीकी टीम एवं अन्य विशेषज्ञ अधिकारियों की उपस्थिति में कराई जाए। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री दिलीप छाबड़िया , सभापति श्री गोविंद पटेल, श्री सतीश तलरेजा श्री दशरथ साहू उपस्थित रहे। यह भी उल्लेखनीय है कि अब तक इस कार्य का कोई भुगतान नगर पालिका द्वारा ठेकेदार को नहीं किया गया है। अत: यह अत्यंत आवश्यक है कि जांच उपरांत कार्य की गुणवत्ता, तकनीकी खामियों एवं उत्तरदायित्व का स्पष्ट आकलन किया जाए, ताकि जनता की गाढ़ी कमाई का सदुपयोग सुनिश्चित हो सके।

इस अवसर पर श्री अश्वनी शर्मा ने कहा - हमारी दृढ़ मान्यता है कि विकास कार्य पूर्ण पारदर्शिता और उत्कृष्ट गुणवत्ता के साथ हों। जनता के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है। ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति रोकने हेतु जिम्मेदार एजेंसियों की जवाबदेही तय होना अनिवार्य है। जनहित की रक्षा और जवाबदेह व पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था की दिशा में की गई यह पहल निश्चित रूप से स्थानीय नागरिकों के विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करेगी।

## कमलाकांत इंस्टीटूयूट के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ सभा की



**भाटापारा।** कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट डिप्लोमा इन फार्मेसी में नेशनल फामार्कोविजिलेंस सप्ताहिक कार्यक्रम मनाया गया जिसमें फार्मेसी के विद्यार्थीगण ने जनता को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जिसका मुख्य विषय - मानसिक रोग का उपचार रहा। छात्रों ने मानसिक रोग से बचने के लिए सकरात्मक बदलाव, सामाजिक जुडाव, रचनात्मक कार्य, जन सहभागिता के माध्यम से समझाने के लिए प्रेरित किया। नुक्कड़ नाटक भाटापारा के फवारा चौक कांग्रेस भवन के सामने प्रस्तुत किया गया। जिसमें महाविद्यालय के संचालक मनीष शुक्ला ,संस्था की प्राचार्या श्रीमती गायत्री देवागंन और कार्यरत सभी सहा. प्राध्यापकों व कार्यालय स्टॉफ ने अपना सहभागिता प्रस्तुत किया।

## नैशनल फार्माकोविजिलेन्स सप्ताहिक कार्यक्रम मनाया गया




ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा**- कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट डिप्लोमा इन फार्मेसी में दिनांक 20.09.2025 दिन शनिवारको नैशनल फार्माकोविजिलेन्स सप्ताहिक कार्यक्रम मनाया गया जिसमें फार्मेसी के विद्यार्थीगण ने जनता को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जिसका मुख्य विषय - ''मानसिक रोग का उपचार'' जिसमें छात्रों ने मानसिक रोग से बचने के लिए सकरात्मक बदलाव, सामाजिक जुडाव, रचनात्मक कार्य, जन सहभागिता के माध्यम से समझाने के लिए प्रेरित किया। नुक्कड़ नाटक भाटापारा के फवारा चैंक कांग्रेस भवन के सामने प्रस्तुत किया गया। जिसमें महाविद्यालय के संचालक श्री मनीष शुक्ला सर संस्था की प्राचार्या श्रीमती गायत्री देवागंन और कार्यरत सभी सहा. प्राध्यापकों व कार्यालय स्टॉफ ने अपना सहभागिता प्रस्तुत किया।

### न्यायालयीन प्रकरणों की जानकारी लेकर निपटारे का निर्देश

# सभी जिले में बनेगा मॉडल स्कूल, मंत्री ने 10 दिनों में मंगाई सूची



**रायपुर,** प्रदेश के सभी जिलों में अब जल्द ही माडल स्कूल स्थापित किए जाएंगे। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने जिला शिक्षा अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे 10 दिनों के भीतर ऐसे स्कूलों की सूची संचालनालय को प्रस्तुत करें, जिन्हें माडल स्कूल के रूप में विकसित किया जा सके। गुरुवार को मंत्रालय महानदी भवन में हुई समीक्षा बैठक में मंत्री यादव ने कहा कि राज्य के हर जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि डीएवी, इग्नाइट और पीएमश्री विद्यालयों को विशेष रूप से माडल स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव रेणु पिल्ले, स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, संचालक लोक शिक्षण ऋतुराज रघुवंशी और समग्र शिक्षा के प्रबंध संचालक संजीव झा सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक,साइकिल एवं गणवेश वितरण पर जोर

*मंत्री यादव ने कहा कि नए शिक्षा सत्र शुरू होते ही निश्शुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश और साइकिल का वितरण विद्यार्थियों तक स्कूल खुलते ही पहुंच जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए सभी आवश्यक प्रि याएं समय रहते पूरी की जाएं। बैठक में छात्रवृत्ति और योजनाओं की सतत मॉनिटरिंग, मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता कार्यï म, रजत जयंती कार्यï म और सेजेस भर्ती में डीईओ और बीईओ कार्यालयों में लंबे समय से पदस्थ क्लेरिकल स्टाफ के स्थानांतरण और शाखा परिवर्तन के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि कार्य का पुन: विभाजन किया जाए, ताकि कामकाज और पारदर्शी बन सके।*

# "सेवा पखवाड़ा" अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में सेवा पखवाड़ा की शुरुआत की गई है।

इसी क्रम में भाटापारा विधानसभा के ग्रामीण मंडल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।






इस शिविर में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए, वहीं क्षेत्र के युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा सम्मिलित हुए और जनपद पंचायत सी ई ओ हिमांशु वर्मा ने भी रक्तदान किया..

शिवरतन शर्मा ने रक्तदान को मानवता का सबसे बड़ा दान बताते हुए लोगो से अपील की कि वे इस महादान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

शिवरतन शर्मा ने कहा की रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यह देखकर खुशी हुई कि हमारे युवा उत्साह और निष्ठा के साथ जनसेवा में सक्रिय हैं। उनका समर्पण और रक्तदान का यह प्रयास समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। आइए, हम सभी मिलकर प्रधानमंत्री जी के संकल्प को आगे बढ़ाएं और समाज सेवा में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा से बड़ा कोई दान नहीं है। यह दान किसी जरूरतमंद को जीवन देता है और समाज को जोड़ता है। सेवा पखवाड़ा वास्तव में जनकल्याण और मानवीय मूल्यों को समर्पित है। शिवरतन शर्मा ने आगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन और उनकी सेवाभावना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज पूरा देश उनके जन्मदिवस को उत्साहपूर्वक मना रहा है। उन्होंने कहा ङ्क卐मोदी जी सिर्फ एक राजनेता नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण की प्रेरणा हैं।

गरीब कल्याण योजनाओं से लेकर स्वच्छ भारत अभियान तक, हर पहल में उनका ध्येय समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सुविधा पहुंचाना रहा है। उनका जीवन युवाओं के लिए अनुकरणीय है और उनकी प्राथमिकता हमेशा देश और जनता रही है। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी अजय राव, मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, जिला पंचायत सभापति श्रीकांत जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सविता अनंत, खुमान वर्मा, प्यारे रजक, ठाकुर राम साहू, सेवक साहू, दिनेश वर्मा, प्रदीप अनंत, पीलू वर्मा, चंद्रप्रकाश साहू, जीवन वर्मा, पवन वर्मा, कमलेश साहू, अजय साहू, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे..




# नगर पालिका सीएमओ,इंजीनियर,सहायक यंत्री को शासन निलंबित कर - निर्माण एजेंसी को ब्लेक लिस्टेड करे -कांग्रेस जाँच कमेटी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा**- नगर पालिका में लगभग 58 लाख रूपये से निर्माणाधीन आरसीसी नाली निर्माण में हुये भारी भ्रष्टाचार की जाँच करने बरसते पानी में कांग्रेस पार्टी जाँच कमेटी के सदस्य ब्लॉक अध्यक्ष अरुण यादव के नेतृत्व में आज चर्च से रेलवे कार्सिंग तक बनने वाले आरसीसी नाली निर्माण की गहनता पूर्वक निरीक्षण किया ,उक्त नाली निर्माण करने में अनेक आपत्तिजनक बातें सामने आई ।



जांच कमेटी के सदस्य ईश्वर सिंह ठाकुर सुशील शर्मा,रोशन हबलानी,दिवाकर मिश्रा,नानू सोनी,शिरिज जांगड़े,मनमोहन कुर्रे,मोहन निषाद सहित विशेष रूप से उपस्थित के के वार्ड पार्षद अजय ठाकुर ने बताया की नगर पालिका के द्वारा निर्माणाधीन आरसीसी नाली सिंचाई विभाग की जमीन पर नहर के किनारे बिना अनुमति के बनाई जा रही है,जानकारी लेने पर ज्ञात हुवा की लगभग 7 वर्ष पहले बने नाले को तोड़कर उसी स्थान पर आरसीसी नाली बनाई जा रही है विदित हो कि बाई पास सड़क के निर्माण होने पर नहर के पानी से सड़क के बचाव हेतु नाले का निर्माण किया गया था,आरसीसी नाली का निर्माण करने के पूर्व एजेंसी द्वारा इस्टीमेट के अनुरूप गुणवत्ता युक्त उच्चकोटि की निर्माण सामग्री सीमेंट,रेती,छड़ का उपयोग नहीं किया गया,सहायक इंजीनियर की मिली भगत से गुणवत्ता विहीन निर्माण सामग्री के उपयोग करने पर नाली धसक गई,सीएमओ,इंजीनियर और सहायक इंजीनियर की लापरवाही के चलते एजेंसी के ठेकेदार ने भारी पैमाने पर भ्रष्टाचार करने की योजना बनाकर निर्माण कार्य प्रारंभ किया था।

आरसीसी नाली के धसक जाने पर आनन फानन नाली निर्माण कार्य में परिवर्तन कर अब बिना पार्षदों के जानकारी,बिना प्रशासकीय स्वीकृति,बिना तकनीकी स्वीकृति के ह्यूम पाईप डाल कर बिना बेस डाले नाली का निर्माण किया जा रहा है,जो अभी भी भारी भ्रष्टाचार को उजागर करता है,जेसीबी से नाली की गहराई इतनी की जा रही है जिसमे कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है,नाली निर्माण के आसपास खतरे का निशान इंगित करने लाल फीता का घेरा भी नहीं किया गया है,जाँच कमेटी के सभी सदस्यों ने निरीक्षण उपरांत नगर पालिका पहुँच कर इंजीनियर अवधिया से अनेक बिंदुओं पर लिखित में जानकारी माँगी है।

सदस्यों ने आक्रोश व्यक्त करते हुये बताया सीएमओ,इंजीनियर और सहायक इंजीनियर नगर विकास के नाम पर जनता के पैसे का दुरुपयोग करने वर्षाकाल में नाली निर्माण का अवैधानिक कार्य कराया जा रहा है,आरसीसी नाली निर्माण कार्य को 20-25 लाख में पूरा कर लाखों रूपया डकारने का पूरा षड्यंत्र किया जा रहा था,इसी एजेंसी के द्वारा वीआईपी कालोनी के पीछे मुंशी इस्माईल वार्ड में लगभग 32 लाख रूपये की लागत से आरसीसी नाले का निर्माण किया गया है इस नाले के निर्माण में भी भारी अनियमितता देखी जा रही है अधिकारियों ने ठेकेदार से मिलीभगत कर गुणवत्ता विहीन सामग्री का उपयोग कर लाखों रूपये का भ्रष्टाचार किया होगा उच्च अधिकारियों के द्वारा गहराई से जाँच करने पर बड़ा घपला उजागर होगा,सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा की नगर में निर्माणाधीन सभी आरसीसी नाली की जाँच नगरीय निकाय सचिव बसव राजू,नगरीय निकाय संचालक सर्जीनियस मिंज सहित जिलाधीश दीपक सोनी से करते हुये माँग की है की तत्काल राजधानी में पदस्थ अन्य विभाग के वरिष्ठ इंजीनियर तथा उच्च अधिकारी की जाँच कमेटी बनाकर नगर के निर्माण कार्यों में होने वाले भ्रष्टाचार को उजागर करे साथ ही जाँच की कार्यवाही पूर्ण होने तक मुख्य नगर पालिका अधिकारी ख्वान,इंजीनियर अवधिया,सहायक यंत्री कमलेश साहू को निलंबित किया जाये एवं नीरव एजेंसी के ठेकेदार आनंद शर्मा को सभी शासकीय विभागों से ब्लैक लिस्टेड कर शासकीय धन राशि की वसूली करने कड़ी से कड़ी कार्यवाही किया जावे।

# नाला प्रकरण में सीएमओ व इंजिनियर को निलंबित करने की मांग -शर्मा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रं 25 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में 15वें वित्त आयोग से मिली राशि 56 लाख रूपयें से निर्माण किये जा रहें नाला निर्माण में हुई अनियमितता व भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है इस आशय का पत्र उन्होने राज्यपाल को प्रेषित करते हुए कहा है कि जब नाला निर्माण प्रारंभ हुआ था उसी दौरान सहायक इंजिनियर , मुख्य इंजिनियर एवं नगर पालिका अधिकारी को स्थल निरीक्षण कर यह सुनिश्चत करना था कि नाला निर्माण कर रहे ठेकेदार निर्धारित मापदंड व गुणवत्ता के तहत निर्माण सामग्री लगाकर नाला निर्माण कर रहा है कि नही इस प्रकार उक्त नाला घोटाला में भ्रष्टाचार एक सुनियोजित षडयंत्र के तहत करने के लिए इंजिनियर पालिका अधिकारी व ठेकेदार कर चुके थे जिसके कारण उक्त नाला ढह गया अब जांच के नाम पर लीपा पोती का खेल शुरू हो रहा है इसलिए सर्वप्रथम पालिका अधिकारी व इंजिनियर को तत्काल प्रभाव से भाटापारा से हटाते हुए निलंबित किया जाना जरूरी है क्योकि घोटाले की जांच में इंजिनियर व पालिका अधिकारी लीपा पोती कर सकते है वही ठेकेदार को तत्काल ब्लैक लिस्ट में डालते हुए उनके द्वारा किये गये सभी कार्यो की जांच करा कर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने की मांग सुशील शर्मा ने की है उन्होने यह प्रश्न भी उठाया है कि प्रदेश सरकार ने जब वर्षा ऋतु काल में जब किसी भी निर्माण कार्य नहीं कराने का निर्णय लिया है ऐसी स्थिति में किन नियम व प्रावधानों के तहत नाला निर्माण बारिश में भी किया जा रहा था नाला ढहने के संपूर्ण प्रकरण में दोषी ठेकेदार के साथ -साथ इंजिनियर व पालिका अधिकारी भी है अतः इन्हें सबसे पहले निलंबित किये जाने की दरकार है।

## गौमाताओं एवं बछड़ों को रेडियम बेल्ट लगाया गया एवं घायल सांड का उपचार



**भाटापारा।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच ग्रेन सिटी शाखा के तत्वावधान में गौ माता के लिए रेडियम बेल्ट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य रात के समय सड़कों पर विचरण करने वाली गायों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। तीन चरणों में तीन दिवसीय यह कार्यक्रम क्रमशः तरेंगा रोड, देवरीरोड तथा बलौदाबाजार रोड में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि एक कार चालक द्वारा सांड को बुरी तरह से घायल कर दिया गया है। सूचना मिलते ही भाटापारा गौ सेवक भाई अभिषेक मिश्रा एवं उनके साथियों को सूचित कर त्वरित उपचार प्रदान किया गया। साथ ही घायल सांड को भी रेडियम बेल्ट पहनाया गया ताकि भविष्य में उसकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में मंच के प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रशांत गांधी, शाखा अध्यक्ष कैलाश बंसल, कोषाध्यक्ष अभिषेक टाटिया, उपाध्यक्ष विनोद अग्रवाल,सहसचिव भावेश अग्रवाल, सिद्धार्थ गोलछा सहित अन्य सदस्य गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की पूरी जानकारी मंच सदस्य सिद्धार्थ गोलछा द्वारा दी गई।

## अर्जुनी के आजाद चौक में शिल्प के देवता विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई



**अर्जुनी-** ग्राम अर्जुनी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनाया गया। जगह-जगह प्रतिष्ठान में पूजा अर्चना किया गया। गांव के सहकारी वितरण केंद्र के आजाद चौक में विश्वकर्मा की प्रतिमा को विराजित किया गया जिसे 18 सितंबर दिन गुरुवार विसर्जित किया जाएगा। शिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा की विधिवत पूजा अर्चना करने में राजमिस्त्री दिनभर लगे रहे। साथ ही प्रसादी वितरण किया गया । रामनारायण साहू अध्यक्ष राज मिस्त्री संघ ग्रामीण ने बताया कि विश्वकर्मा जयंती के दिन का हमे हर वर्ष बेसब्री से इंतजार रहता है भगवान विश्वकर्मा के कृपा से हम जैसे हजारों करोड़ो का इनकी कृपा से भरण पोषण होता है ये ही विश्व के सृजनकर्ता है। इस अवसर पर कौशल साहू ,प्रहलाद फेकर ,मधुसूदन वर्मा ,ईश्वर ध्रुव ,दिनेश यादव ,देवनाथ साहू, पवन फेकर, टिकेश्वर ध्रुव, विजय पिंटू साहू ,,उमेश साहू, राजेश ध्रुव ,चुम्मन साहू ,सुदर्शन ध्रुव ,दुर्गेश सोनू वर्मा, मंगलू ध्रुव, कुंवर सिंह यादव ,पीतांबर ,पूरन फेकर धनंजय यादव, दीनू ध्रुव, रघु यादव, समारू रामकुमार घृतलहरे, मुनीम यादव, अरुण यादव ,विक्रम यादव, मनोज साहू, कृष्णा साहू ,जीतराम निषाद, दौलेश्वर यादव, हरिश्चंद्र ध्रुव, सहित राजमिस्त्री एवं ठेकेदार सहित श्रमिक गण उपस्थित थे।

## सेवा पखवाड़ा पर भाजपा की मंडल स्तरीय कार्यशाला संपन्न,शिवरतन शर्मा हुए शामिल



**भाटापारा।** भाजपा कार्यालय में सेवा पखवाड़ा को लेकर क्रमशः मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मंडल से कार्यकर्ता, पदाधिकारी और वरिष्ठ नेता बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा केवल चुनाव जीतने के लिए राजनीति नहीं करती बल्कि समाज को सेवा और समर्पण से जोड़ने का कार्य करती है। सेवा ही संगठन का मंत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं, इसलिए हर कार्यकर्ता को जनता की सेवा को ही प्राथमिकता बनाना चाहिए। शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से प्रारंभ हुआ यह सेवा पखवाड़ा पूरे देश में सेवा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बन गया है। उन्होंने युवाओं से अपील की, कि वे इस अभियान को उत्सव की तरह मनाएँ और सेवा का संदेश पहुंचाएँ। जिला भाजपा अध्यक्ष आनंद यादव ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं है, बल्कि समाज की कमजोर कड़ी तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने कहा कि महिला शक्ति और युवाओं को सेवा कार्यों में आगे आना चाहिए। स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान और पोषण जागरूकता जैसे कार्यक्रमों के जरिए हम जनहित को मजबूत कर सकते हैं। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुनील यदु (गोलु), कोषाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल,आशीष जायसवाल,महाबल बघेल, मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत, सहित मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर संकल्प लिया।

## सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम कराने दीप्ती ने भाजपाइयों से की बात



**भाटापारा।** ग्राम दावनबोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा मनाने कार्यकताओं से चर्चा की। कार्यशाला आयोजित कर यह पखवाड़ा 17 सितम्बर से गांधी जयंती तक चलेगा। उन्होंने कहा कि इस सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत साफ सफाई, गांव के विकलांगों को सम्मान, पर्यावरण के देखभाल करने वालों को सम्मान, अटल चौरा स्वर्ण जयंती में बने प्रतीक चिन्ह की सफाई, पौधा लगाना तालाब किनारे पेयजल स्थान नल के आसपास सफाई अभियान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उक्त अवसर पर श्रीमती दीप्ती गोविंद वर्मा सभापति स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास जिला पंचायत सक्रिय सदस्य रतन वर्मा, सोहनलाल वर्मा, मनोहर साहू, विष्णु प्रसाद ध्रुव, लक्ष्मण कुमार वर्मा, विष्णु वर्मा ,चोवा राम वर्मा, संतोष ध्रुव एवं साथीगण उपस्थित रहे।

# भाटापारा में इन्द्र साव के नेतृत्व में निकली मशाल रैली

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** स्थानीय कांग्रेस विधायक इन्द्र साव के नेतृत्व में एक विशाल मशाल रैली निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल हुए उक्त रैली में वोट चोर गद्दी छोड़ नारों के साथ मशाल रैली में शामिल कांग्रेसियो ने कांग्रेस भवन के पास सरकार का पुतला दहन किया। इसके बाद कांग्रेस विधायक इन्द्र साव ने कहा कि अगर प्रदेश और देश में वोटो की चोरी नहीं हुई होती तो देश और प्रदेश की परिस्थितियां ही कुछ अलग होती। अगर भाजपा वोट चोरी नहीं कराई होती तो छत्तीसगढ़ राज्य में वापस कांग्रेस की सरकार होती है देश की परिस्थिति भी बदली हुई रहती विधायक साव ने आगे कहा कि वोट की चोरी प्रजातांत्रिक देश में लोकतंत्र की ताकत को कमजोर करने का काम भाजपा कर रही है। और चुनाव आयोग भी कुछ नहीं कर पा रहा है। प्रदेश सरकार को आड़े हाथ लेते हुए विधायक साव ने कहा कि जगह जगह अवैध शराब बिक्री और बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर जनता को परेशान करने का काम प्रदेश सरकार कर रही है। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष सुश्री सुमिंत्रा घृतलहरे, ईश्वर सिंह ठाकुर, राजकुमार शर्मा, आलोक मिश्रा, रोशन हबलानी, अजित बाजपेयी, अमर मंडावी, अरुण यदु,चंद्रशेखर चक्रधारी,अजय ठाकुर,गेंद राम साहू, , सीरीज जांगड़े,नितिन शुक्ला,मोहन निषाद, मनमोहन कुर्रे पूर्णिमा श्रीवास, लक्ष्मी पांडेय, दानी भाट, बिमलेश्वरी ध्रुव,दीपक वर्मा,संतोष सोनी, विक्की ठाकुर,मुकेश साहू,नवीन बक्स, सुरेंद्र यदु, अय्यूब खान,जीत्तू शर्मा, मनहरण वर्मा,राजा वर्मा, ओमप्रकाश यदु,मुकेश हेंवार,रविशंकर ध्रुव, सतवंत बंजारे, राजा तिवारी,मनमोहन कुर्रे,सत्यजीत शेन्डे,कौशल साहू,आकिब मेमन,हरीश लहरे,अमित मार्कण्डेय,विजय महिलांगे,सद्दाम खान,शशांक चौबे,मुकेश यदु,किरत वर्मा,पुनु मानिकपुरी प्रमोद पाल, दिवाकर मिश्रा, आदि बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेसी उपस्थित थें।

# शासकीय गजानन्द महाविद्यालय भाटापारा में स्वदेशी उद्यमिता कार्यक्रम सम्पन्न

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** स्थानीय शासकीय गजानन्द महाविद्यालय में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा चलाए जा रहे स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ जे. एन. केशरवानी ने स्वावलंबी भारत विषय में अपने विचार व्यक्त किए। सौरभ साहू ने स्वदेशी उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला. वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष अशोक वर्मा ने कोविड काल के बाद स्वदेशी के महत्व को समझाया प्रभारी प्राचार्य डॉ. शशिकरण कुजूर ने स्वदेशी उत्पादों एवं उद्यमियों के बारे में बताते हुए विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग के लिए विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। उक्त अवसर पर सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजन तिवारी ने एवं आभार प्रदर्शन सुश्री इंद्राणी मरकाम ने किया।

# सर्व पितृ अमावस्या पर ग्रहण का साया किंतु यहां पर नही दिखेगा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** आगामी 21 सितंबर दिन रविवार को इस वर्ष का आखिरी सूर्य ग्रहण लग रहा है और यह सूर्य ग्रहण सर्व पितृ अमावस्या एवं शारदीय नवरात्रि पर्व के बीचो बीच पड़ रहा है लेकिन यह सूर्य ग्रहण भारत में नही देखा जा सकेगा इसलिए पंडितो के अनुसार सूर्य ग्रहण में यहां पर सुतक क ा मान्यता लोगो के लिए बाध्य नहीं होगें । लेकिन जानकार पंडितो का कहना है कि सूर्य ग्रहण के समय नकारात्मक ऊर्जा सक्रिय रहने से लोगो को मानसिक तनाव जैसा वातावरण महसुस हो सकता है। इधर वैज्ञानिक मान्यता है की सूर्य ग्रहण चाहे कही भी दिखे इसका असर वातावरण और प्रकृति पर अवश्यभांवी रूप से पड़ता है। जानकारों का कहना है कि भारत में अवश्य सूर्य ग्रहण दिखाई नहीं देगा लेकिन सर्व पितृ अमावश्या में सूर्य ग्रहण लगने से सूर्य ग्रहण की अवधि में पुजा -पाठ व मुर्ति स्पर्श नहीं करना चाहिए । इसी तरह ग्रहण काल की अवधि कोई भी नई चीज की खरीदी नही करना चाहिए और न ही कोई बड़ा शुभ काम करना चाहिए सूर्य ग्रहण के दौरान मन में ईश्वर का ध्यान करते हुए उनका जाप करना चाहिए साथ ही सुनसान स्थान पर किसी भी व्यक्ति को नहीं जाना चाहिए खासकर शमशान घाट जैसे स्थानो पर जाने से बचना चाहिए । ग्रहण के दौरान घर परिवार में वाद विवाद नहीं करना चाहिए तथा बुरे विचार किसी के प्रति भी नहीं रखना चाहिए सूर्य ग्रहण के समय गर्भवति महिलाओं को खाने छोक तथा तड़का लगाने से बचना चाहिए साथ ही जो महिला गर्भवति है उसे किसी नुकिली वस्तु का प्रयोग नहीं करना चाहिए कपड़े सिलने तथा सब्जी काटने जैसे कार्यो से भी बचना चाहिए साथ ही ग्रहण के दौरान खान - पान को वर्जित रखना चाहिए और घर में पहले से मौजुद पके हुए खान - पान में तुलसी के पत्ते डालकर रखने से ग्रहण का अशुभ प्रभाव नहीं पड़ता ।

# भाटापारा मुक्तिधाम में चला स्वच्छता अभियान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से प्रारंभ हुए सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत नगर मंडल भाजपा द्वारा हथनीपारा एवं मुंशी स्माईल वार्ड स्थित मुक्तिधाम परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें मुक्तिधाम में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने हथनीपारा मुक्तिधाम एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने मुंशीस्माइल वार्ड स्थित मुक्तिधाम में श्रमदान कर परिसर की सफाई की और लोगों को स्वच्छता का संदेश देते हुए आमजन से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की तथा स्वच्छता के महत्व पर विस्तृत जानकारी लोगो को दी गई। शिवरतन शर्मा ने सेवा ही संस्कार-स्वच्छता ही संकल्प हैं कहते हुए कहा की स्वच्छता केवल सफाई नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, अनुशासन और समाज के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक है। सब मिलकर इस अभियान को जीवन का हिस्सा बनाएं और प्रधानमंत्री के सपनों का स्वच्छ और सशक्त भारत बनाने में योगदान दें नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि स्वच्छ भारत का संकल्प तभी सार्थक होगा जब सभी श्रमदान और स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएंगे। सभी मिलकर स्वच्छ, स्वस्थ और समृद्ध भाटापारा तथा नए छत्तीसगढ़, नए भारत के निर्माण में योगदान देने की अपिल की उक्त अवसर पर सुनील यदु नंदकिशोर अग्रवाल, पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया,योगेश अनंत, आशीष जायसवाल, मोहन बांधे, ओमप्रकाश रात्रे सतीश तलरेजा, कुंजराम कोशले, राजा कामनानी, व्यास यदु, महाबल बघेल, पुरुषोत्तम यदु, दशरथ साहू, हेम कामरी, नारायण साहू, संतोष सोनी, पार्षद श्रीमती संध्या साहू, सतीश साहू, गोवर्धन डहरिया, उमाशंकर वर्मा, नंदू वैष्णव, बंटी टंडन, प्रत्येश राठौर, बब्बू मंधान, युवा कार्यकर्त्ता निकेश साहू, शुभम राजपूत, चेतन वर्मा, पीयूष साहू, सुमित यदु, शिव अनंत, किशन यदु, अभिषेक नायक, सुरेंद्र डागोर, मो हारून, रविंद्र ठाकुर,अजीत निषाद,राजू पटेल ,महिला मोर्चा से नीरा साहू आयशा खाना, जयश्री शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।




प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा डीबी कार्प लिमिटेड प्लाट नंबर-40/44 इंडस्ट्रीयल एरिया बीरगांव उरला रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / web- www.krantirath.com